दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली।। मंगलवार 11 जून -2024 | वर्ष : 8 अंक : 242 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




# स्मार्ट पाठकों का स्मार्ट अखबार




## ई-पेपर की विशेषताएं

- फोन की स्टोरेज पर नहीं पड़ेगा कोई असर
- अखबार की पीडीएफ बनाने की सुविधा (PDF)
- कलेंडर से प्राप्त करें पुरानी तारीख का अखबार
- खबर को सेव और क्रॉप करने का ऑप्शन
- खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करने की सुविधा

रोजाना सुबह सोशल मीडिया के प्रमुख प्लेटफॉर्म पर अखबार का लिंक हो रहा है फॉरवर्ड

**जब एक क्लिक पर खुले आपका करंट क्राइम अखबार तो फिर एमबी का बोझ क्यों करे आपका स्मार्ट फोन स्वीकार**

https:// epaper.currentcrime.com/view/106/current-crime

# नई सरकार में भी पीएम मोदी ने नहीं बदली अपनी कोर टीम

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरूआत हो गई है। सोमवार को जहां मोदी कैबिनेट की पहली बैठक हुए बड़े फैसले हुए, वहीं सबकी निगाहें इस पर टिकी थीं कि इस बार सरकार में किस मंत्री को कौन सा मंत्रालय मिलेगा। शाम करीब सात बजे तक इसकी भी तस्वीर साफ होने लगीं और मंत्रालय बंटवारे में जो पहला नाम आया, वह नितिन गडकरी का था। इसके अलावा मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान और चिराग पासवान नए चेहरे हैं जो इस मंत्रालय में साबित हुए हैं।

**नितिन गडकरी फिर बने सड़क परिवहन मंत्री :** नितिन गडकरी को एक बार फिर सड़क परिवहन मंत्रालय मिला है। उनके साथ इस मंत्रालय के लिए दो राज्य मंत्री बनाए गए हैं। इनमें एक अजय टमटा और एक हर्ष मल्होत्रा शामिल हैं।

**मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा मंत्रालय :** मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा मंत्रालय दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें शहरी विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खट्टर हरियाण के पूर्व सीएम हैं और उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़कर जीता है। श्रीपद नाईक को इन विभागों का राज्य मंत्री नियुक्त किया गया है।

## सीसीएस में रिपीट हुए सभी मंत्री



**कृषि मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण और पंचायत एवं ग्रामिण विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, लखनऊ से लगातार सांसद बनते आ रहे बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह को एक बार फिर रक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

**निर्मला सीतारमण फिर बनीं वित्त मंत्री :** निर्मला सीतारमण को फिर वित्त मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के इकलौते सांसद और मोदी कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ सदस्य (79) जीतन राम मांझी को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। उनके इस विभाग में शोभा करंदलाजे को राज्य मंत्री बनाया गया है।

**जल शक्ति मंत्रालय का जिम्मा सीआर पाटिल को :** सीआर पाटिल को जल शक्ति विभाग दिया गया है। वहीं धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जेडीएस के कुमारस्वामी को भारी उद्योग और इस्पात मंत्री बनाया गया है।

**जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय :** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रहे जेपी नड्डा इस बार मंत्रिमंडल में शामिल किए गए हैं। उनके जिम्मे एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्रालय आया है। वह 2014 में पीएम मोदी के पहले कार्यकाल में भी स्वास्थ्य मंत्रालय संभाल चुके हैं।

**हरदीप सिंह पुरी को पेट्रोलियम मंत्रालय :** हरदीप सिंह पुरी भी अपने पुराने मंत्रालय का ही जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे। उनके पास पहले भी पेट्रोलियम मंत्रालय था। इसके अलावा पहले वह मोदी सरकार में उड्डयन मंत्री भी रह चुके हैं और शहरी विकास मंत्रालय का पद भी संभाल चुके हैं।




| क्रम | नाम | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | नरेंद्र मोदी | प्रधानमंत्री |
| 2 | राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री |
| 3 | अमित शाह | गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री |
| 4 | नितिन गडकरी | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री |
| 5 | जेपी नड्डा | स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री रसायन और उर्वरक मंत्री |
| 6 | शिवराज सिंह चौहान | कृषि व किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री |
| 7 | निर्मला सीतारमण | वित्त मंत्री और कार्पोरेट मामलों की मंत्री |
| 8 | एस जयशंकर | विदेश मंत्री |
| 9 | मनोहर लाल | आवास और शहरी मामलों के मंत्री, ऊर्जा मंत्री |
| 10 | एचडी कुमार स्वामी | भारी उद्योग और इस्पात मंत्री |
| 11 | पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री |
| 12 | धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्री |
| 13 | जीतन राम मांझी | सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री |
| 14 | ललन सिंह | पंचायती राज मंत्री, मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी मंत्री |
| 15 | सबार्नंद सोनोवाल | बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री |
| 16 | डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री |
| 17 | किंजरापु राममोहन नायडू | नागरिक उड्डयन मंत्री |
| 18 | प्रल्हाद जोशी | उपरभोक्ता, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री |
| 19 | जुएल ओराम | जनजातीय मामलों के मंत्री |
| 20 | गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्री |
| 21 | अश्विनी वैष्णव | रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री |
| 22 | ज्योतिरादित्य सिंधिया | संचार मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री |
| 23 | भूपेन्द्र यादव | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री |
| 24 | गजेंद्र सिंह शेखावत | संस्कृति मंत्री; और पर्यटन मंत्री |
| 25 | अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास मंत्री |
| 26 | किरण रिजिजू | संसदीय कार्य मंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री |
| 27 | हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री |
| 28 | डॉ. मनसुख मंडाविया | श्रम और रोजगार मंत्री और युवा मामले और खेल मंत्री |
| 29 | जी किशन रेड्डी | कोयला मंत्री और खान मंत्री |
| 30 | चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री. |
| 31 | सी आर पाटिल | जल शक्ति मंत्री |

### राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

| क्रम | नाम | मंत्रालय |
|---|---|---|
| 1 | राव इंद्रजीत सिंह | सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री |
| 2 | डॉ.जितेंद्र सिंह | विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री |
| 3 | अर्जुन राम मेघवाल | कानून और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री |
| 4 | जाधव प्रतापराव गणपतराव | आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री |
| 5 | जयन्त चौधरी | कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री |

## न्यूज डायरी

### किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त पाकर किसानों में खुशी का माहौल



**सूरत/फिरोजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ लेने के बाद पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी है। इससे 9.3 करोड़ किसानों को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की इस किस्त में किसानों को लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का लाभ मिलने वाला है। पीएम मोदी की ओर से दिये गए इस तोहफे को लेकर किसानों में खुशी का माहौल है। किसान नेताओं ने पीएम मोदी के फैसले का स्वागत किया है। सूरत के किसान नेता जयेश पटेल ने पीएम मोदी के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभालते ही किसानों के लिए ऐतिहासिक फैसला लिया है। देश के 9 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि से 20 हजार करोड़ का सीधा लाभ मिलेगा। वहीं सुशील नाम के एक किसान का कहना है कि सरकार बनते ही पीएम मोदी ने पहला फैसला किसानों के हित में लिया है। इससे किसानों को आर्थिक तौर पर बड़ी राहत मिली है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। पीएम मोदी ने किसानों के हित में जो फैसला किया है, उसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। करीब 9.3 करोड़ किसानों के लिए सम्मान निधि जारी करना गर्व की बात है। बता दें, किसान सम्मान निधि के तहत हर किसान को साल में तीन बार दो-दो हजार रुपये की किस्त दी जाती है। केंद्र सरकार ने योजना की 16वीं किस्त चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले 28 फरवरी को जारी की थी। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने किसानों का मुद्दा जोर-शोर से उठाया था।

### युवकों ने किसान को पीटा, हालत गंभीर

**मुरादनगर,करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव शहजादपुर में ट्यूबवैल में नहाने से इंकार करने पर दंबगों ने एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवक को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव शहजादपुर निवासी अशोक कुमार त्यागी परिवार सहित रहते हैं। उनका पुत्र दीपक त्यागी अपने खेत पर गया था। बताया जा रहा है कि खेत में लगी ट्यूबवैल पर कुछ युवक नहा रहे थे। दीपक ने ट्यूबवैल पर नहाने से मना किया। इस बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि युवकों ने दीपक त्यागी की बेहरमी से पिटाई कर दी। जब अशोक त्यागी अपने खेत पर गए तो दीपक त्यागी खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसे तुरन्त नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दीपक को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने इस संबंध में नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की बात कह रही है।

### कुत्तों के साथ अनैतिक कार्य करने का आरोप

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक व्यक्ति द्वारा कुत्तों के साथ अनैतिक कार्य करने के मामले में कॉलोनी के लोगों ने वीडियो बनाकर पुलिस से इस मामले की शिकायत की है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी लोगों ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि कॉलोनी में रहने वाला 45 वर्षीय एक व्यक्ति कुत्तों को पकड़कर उनके साथ अनैतिक कार्य करता है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि उक्त व्यक्ति इस तरह का कृत्य हमारे बच्चों के साथ भी कर सकता है। कॉलोनी के लोगों ने अनैतिक कार्य करने का वीडियो भी बना रखा है। उन्होंने पुलिस को अनैतिक कार्य करने का वीडियो बनाकर पुलिस को दिया है। एसीपी का कहना है कि शिकायत मिली है, जांच के बाद ही आगे की कार्रवाही की जाएगी।

### निवाड़ी थाना प्रभारी द्वारा युवक से अभद्रता का मामला चुनाव आयोग पंहुचा, जांच शुरू

मोदीनगर,करंट क्राइम। एक मतदान केन्द्र पर निवाड़ी थाना प्रभारी द्वारा एक युवक से अभद्रता करने का मामला चुनाव आयोग पंहुच गया। युवक की शिकायत पर चुनाव आयोग ने जांच बैठा दी है। कस्बा निवाड़ी निवासी अमित त्यागी ने बताया कि वह गत 26 अप्रैल को अपना वोट डालने के लिए संजय गांधी बालिका इंटर कॉलेज पंहुचे। पीड़ित युवक का आरोप है कि वोट डालने के दौरान थाना प्रभारी ने उनके साथ अभद्रता की। आरोप है कि जब वह वोट डालकर पैदल जा रहे थे तभी तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह आ गए। सुरेन्द्र सिंह ने बिना कारण अभद्रता की और जेल भेजने की धमकी दी। अमित त्यगी ने इस संबंध में चुनाव आयोग के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,गृह सचिव, डीजीपी, पुलिस कमिशनर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में इस बात की शिकायत की थी। चुनाव आयोग ने शिकायत का संज्ञान लेते हुए इसकी जांच कराने का फैसला लिया है। पीड़ित पक्ष को चुनाव आयोग द्वारा एक पत्र भेजकर जांच कराने की बात कहीं गई है। बता दें कि दो दिन पूर्व डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह को निलम्बित कर दिया है।

### उधार के पैसे मांगने पर दुकानदार का सिर फोड़ा, सामान बाहर फेंका

मोदीनगर,करंट क्राइम। उधार के 450 रुपए मांगना एक दुकानदार को काफी महंगा पड़ा। दंबगों ने डंडा मारकर दुकानदार का सिर फोड़ दिया और दुकान में जमकर तोड़फोड़ कर सामान बाहर फेंक दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर की कृष्णाकुंज कॉलोनी निवासी हिंमाशु परिवार सहित रहते हैं वह कॉलोनी में ही परचून की दुकान करते हैं। उनके पास से कॉलोनी निवासी एक युवक काफी समय 450 रुपए उधार सामान लिया था। हिंमाशु ने देर शाम उधार दिए पैसे वापस मांग लिए। इस बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि दंबगों ने हिंमाशु के साथ जमकर मारपीट की। इसका विरोध करना पर डंडा मारकर हिंमाशु का सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिवा, मोगली, सूरज व अज्ञात निवासी अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## मोदी कैबिनेट का पहला फैसला बनाए जाएंगे 3 करोड़ नए घर

**पीएम आवास योजना के तहत होगा निर्माण; इनमें टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा**

**नई दिल्ली।** मोदी कैबिनेट ने पहली बैठक में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों और शहरों में बनने वाले इन घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा।

इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार 10 जून को पीएम आवास पर हुई। इसमें सभी कैबिनेट मंत्री शामिल हुए। मोदी ने रविवार 9 जून की शाम को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली, इनमें 11 सहयोगी दलों के हैं। शपथ लेने के दूसरे दिन मोदी कार्यभार संभाला, ढटड के अफसरों से बोले- हम और बेहतर कैसे कर सकते हैं। पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (ढटड) पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। ढटड पहुंचने पर कर्मचारियों ने मोदी का स्वागत किया।

मोदी ने ढटड के अफसरों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, जिस टीम ने मुझे 10 साल में इतना कुछ दिया, उसमें हम क्या नया कर सकते हैं, हम और बेहतर कैसे कर सकते हैं, हम और तेज कैसे कर सकते हैं, और बेहतर स्केल पर कैसे कर सकते हैं। इन सबको लेकर अगर हम आगे बढ़ें तो मुझे विश्वास है कि देश के 140 करोड़ लोगों ने हमारे इन प्रयासों पर मुहर लगा दी है।

चुनाव मोदी के भाषणों पर मोहर नहीं है, ये चुनाव हर सरकारी कर्मचारी की 10 साल की मेहनत पर मोहर है। इसलिए अगर कोई इस जीत का हकदार है तो वो सही मायने में भारत सरकार का हर कर्मचारी इस जीत का हकदार है।

## युवती और बच्ची ने सम्मोहित कर व्यापारी नेता की पत्नी से जेबरात ठगे





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन में एक बच्ची और महिला ने व्यापारी नेता की पत्नी को सम्मोहित करके करीब साढ़े 3 लाख रुपए के जेवरात ठग लिए और फरार हो गईं। पीड़ित व्यापारी नेता ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया तो वो पुलिस की जगह दिल्ली पुलिस को जाकर लगा। पीड़ित परिवार ने इस मामले में थाना शालीमार गार्डन में रिपोर्ट दी है। पुलिस के व्यवहार से पीड़ित परिवार में आक्रोश है। शालीमार गार्डन-1 न्विासी प्रदीप त्यागी एडवोकेट ने बताया कि उनकी पत्नी मनोरमा त्यागी रविवार रात सवा 9 बजे शिवमंदिर गई थीं वहां एक महिला ओर एक लड़की ने एक रुमाल मनोरमा को दिया और कहा कि इसे घर जाकर खोलना। मनोरमा ने बताया, इसके बाद बच्ची और महिला वहां से चली गईं। कुछ देर बाद मनोरमा ने जब रुमाल खोला तो उसके अंदर कंकड़ पत्थर के टुकड़े थे।

मनोरमा के पति प्रदीप त्यागी ने बताया कि इस घटना के बाद उन्होंने यूपी पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया तो वो दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम को जाकर मिला। जिस पर वे थाना शालीमार गार्डन पहुंचे। यहां दो दरोगा मिले, जिन्होंने उनकी शिकायत को अनसुना कर दिया। इसके बाद प्रदीप त्यागी ने थाना प्रभारी को कॉल किया। थाना प्रभारी ने चौकी इंचार्ज को घटनास्थल पर भेजने की बात कही। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर काश्रवाईकी जा रही है क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की मदद से ठगों की पहचान की जा रही है।

## नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने पटाखे फोड़कर मनाया जश्न



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में वार्ड 78 शालीमार गार्डन पर नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शपथ ग्रहण समारोह देखने के बाद बड़े हर्षोल्लास से मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, प्रवीण भाटी, डीएन कौल, लेखराज छाबड़ी, प्रतीक माथुर, भूषण लाल, सुनील शर्मा, शैलेंद्र सक्सेना, प्रेम त्यागी, केशव सक्सेना, उदयवीर



चौधरी, इमरान सिद्दीकी, नीरज गुप्ता, आदित्य भड़ाना, मनोज कसाना, निशा चौहान, सुमन सती, रूपा मुखर्जी, आशा पवार, प्रियंका, सोलंकी सुनीता चौहान, अनीता राणा, मुनेश कसाना, भूपेंद्र गोस्वामी, हरीश गौड आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईटी व इलैक्ट्रानिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने अपने मंत्रालय में की विभागीय समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** प्रदेश के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा सचिवालय स्थित मुख्य भवन के सभागार में की। विभागीय राज्यमंत्री अजित सिंह पाल भी उनके साथ मौजूद रहे। इस मौके पर विभागीय संस्थाओं यूपी डेस्को, यूपीएलसी, सीईजी, श्रीट्रान इण्डिया, अपट्रान पॉवरट्रानिक्स आदि के माध्यम से विभागीय योजनाओं केसंचालन को वर्ष 2024-25 के विभागीय बजट के प्राविधानों के सम्बन्ध में प्रस्तुतीकरण दिया गया। विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिये कि जून के अन्त तक सभी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कुल रू 891 करोड़ के बजटीय प्राविधान के सापेक्ष 25 प्रतिशत की वित्तीय स्वीकृतियां प्राथमिकता के आधार पर जारी करा ली जाएं।

बैठक में सरकार की प्राथमिकताओं वाले कार्यों की समीक्षा करते हुये ई-ऑफिस प्रणाली को प्रदेश के सभी विभागों एवं जनपदों में समयबद्ध तरीके से लागू किये जाने तथा आईटी के क्षेत्र में निवेशकों को आकर्षित करने के लिये विभाग द्वारा स्पष्ट कार्य योजना बनाये जाने के निर्देश भी मंत्री द्वारा दिये गये।

विभागीय मंत्री द्वारा प्रदेश में स्थापित एवं संचालित इन्क्यूबेटर्स की स्थिति से अवगत होते हुए अपेक्षा की गयी कि इन्क्यूबेटर्स के प्रदर्शन के आधार पर उनको श्रेणीबद्ध किया जाये। साथ ही प्रदेश में स्टार्टअप्स के माध्यम से कितने रोजगार सृजित हुए, उनका भी आंकलन किये जाने की अपेक्षा की गयी। प्रदेश के युवाओं को वितरित किये गये टेबलेट एवं स्मार्टफोन का छात्र-छात्राओं द्वारा उपयोग किये जाने के सम्बन्ध में सर्वेक्षण कर





स्थिति ज्ञात करने का परामर्श दिया गया।

प्रदेश के जनपदों में युवाओं के लिये प्रशिक्षण केन्द्रों की उचित व्यवस्था बनाये जाने पर बल दिया गया ताकि युवाओं को रोजगारपरक पाठ्यक्रम उपलब्ध हो सके। विभागीय मंत्री द्वारा साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स की चुनौतियों से निबटने के लिये आईटी विभाग द्वारा गृह विभाग के सहयोग से नीति निर्धारण की कार्यवाही किये जाने का भी सुझाव दिया गया।

समीक्षा बैठक में आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, विशेष सचिव एवं प्रबन्ध निदेशक, श्रीट्रान इण्डिया राहुल सिंह, विशेष सचिव एवं प्रबन्ध निदेशक यूपीडेस्को व अपट्रान पॉवरट्रानिक्स श्रीमती नेहा जैन, प्रबन्ध निदेशक यूपीएलसी रवि रंजन तथा सम्बन्धित संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

## वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने किया सीवर लाइन के कार्य का उदघाटन





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वार्ड 20 के पार्षद यशपाल पहलवान ने राजीव कॉलोनी में सीवरेज के कार्य का उद्घाटन किया। मौके पर निगम पार्षद सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। पार्षद ने नारियल फोड़कर विधिवत शुरूआत की, इस दौरान क्षेत्र की जनता भी पार्षद के शुरू किए गए इस कार्य से खुश नजर आए। लोगों ने पार्षद यशपाल पहलवान का फूल मालाओं से स्वागत किया। उदघाटन के बाद स्थानीय पार्षद ने कॉलोनी का निरीक्षण कर लोगों की समस्याओं से अवगत होने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने पार्षद के समक्ष अपनी समस्याएं भी रखीं, जिसका पार्षद ने जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि वार्ड में पिछले 40 सीवर की लाइन नही थी, जिसका अब कार्य शुरूआत हो रही है वार्ड के हर गली मोहल्ले में सीवर की लाइन डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके बाद कॉलोनी की गलियों को भी पक्का करने का काम किया जाएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की समस्याओं को देखते हुए पानी की समस्या पर भी काम किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विनोद कसाना, वार्ड अध्यक्ष डॉ. कमल, संजय, महेश, मोनू, नरेश देड़ा, सुमित, कपिल, अमित, अहमद, मुकीम, गौरव, उत्तम, रिंकू, राहुल आदि लोग मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। मंगलवार 11 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा, रोजाना मिलूंगा क्षेत्र की जनता से अपने आवास पर

## ऐलीवेटिड रोड से लेकर ट्रेनों के ठहराव तक बनाई है सांसद ने विकास की प्लानिंग

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं और शपथ ग्रहण के साथ उन्होंने अपनी लोकसभा क्षेत्र के विकास का रूट मैप तैयार किया है। वो अपने विकास विजन के साथ आ गये हैं। गाजियाबाद के नव निर्वाचित लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से दैनिक करंट क्राइम ने विशेष बात की और ये जाना कि उनका विजन विकास को लेकर क्या रहेगा। वो लोगों से किस तरह रूबरू होंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि वो क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा उपलब्ध थे, उपलब्ध हैं और उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह रोजाना सुबह 9 से 11 बजे तक अपने आवास पर जनता के लिए उपलब्ध हैं। मैं पहले भी जनता से इसी तरह मिलता रहा हूं और अब भी जनता के लिए हमेशा उपलब्ध हूं। यहां पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मैं प्रतिदिन जनता से मिलता हूं बस कोई अपरिहार्य कारण हो तो उसके कारण मैं उपलब्ध नहीं हूं तो अलग बात है वरना क्षेत्र की जनता से मेरा नाता है और क्षेत्र की जनता से पूरा संवाद है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के विकास के लिए रूट मैप तैयार किया है और कोशिश करूंगा कि विकास के राष्ट्रीय मुद्दों पर केन्द्र और राज्य के साथ तालमेल बिठाकर काम हो। रेलवे स्टेशन से लेकर सड़कों के ऐलीवेटिड स्वरूप के लिए योजना बनाई है।

### मेरा है ये प्लान हिंडन एयरपोर्ट से शुरू हो उड़ान

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उनका प्लान यह है कि गाजियाबाद के आसमान से भी अन्य राज्यों अन्य शहरों के लिए भी उड़ान शुरू हो। हिंडन डोमेस्टिक एयरपोर्ट से फ्लाईट चालू कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। मेरा यह प्लान है कि हिंडन एयरपोर्ट से अन्य शहरों के लिए नियमित उड़ान हो। इससे गाजियाबाद नोएडा और आस पास के क्षेत्रों के लोगों को सुविधा होगी।

### लाल कुआं से नए बस अड्डे तक बनेगी ऐलीवेटिड रोड

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग चूंकि इसी शहर में पले-बढ़े हैं, शिक्षा दीक्षा यहीं से हुई है। उनके पिता मेयर रहे हैं। खुद अतुल गर्ग दो बार शहर विधायक हैं और शहर की मूल-भूत समस्याओं से वो भलिभांति वाकिफ हैं। अब वो सांसद हैं तो उन्हें पता है कि कौन सी निधि से काम कराकर शहरवासियों को वो सुविधा दे सकते हैं। उनके विजन का पहला दृश्य दिखाई देने लगा है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि चौधरी मोड आपूलेंट मॉल, भाटिया मोड, लालकुंआ और ठाकुर द्वारा पर अक्सर जाम लगता है। शहर की आबादी बढ़ रही है और वाहनों का भी दबाव है ऐसे में उनका ये प्रस्ताव है कि लाल कुंआ से नए बस अड्डे तक ऐलीवेटिड रोड बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव पहले भी तय हुआ था लेकिन इसे अमलीजामा पहनाया जायेगा। ऐलीवेटिड रोड बनने के बाद शहर की मुख्य सड़क से ट्रेफिक का दबाव कम होगा। इस रूट पर सफर करने वाले लाखों लोगों को ये सुविधा प्राप्त होगी।



### गाजियाबाद जंक्शन पर होगा कई वीआईपी ट्रेनों का ठहराव

करंट क्राइम। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि गाजियाबाद रेलवे स्टेशन को सुपर मॉडल स्टेशन के रूप में पहले ही चयनित किया जा चुका है। यहां यात्रियों को कई सुविधायें मिलेंगी और इस स्टेशन के जल्द निर्माण के लिए वह प्रयासरत रहेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि उनका प्रयास ये रहेगा कि गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर कई वीआईपी ट्रेनों का भी ठहराव हो। उन्होंने कहा कि कई ट्रेनें ऐसी हैं जिनका रूट तो दिल्ली से गाजियाबाद होते हुए हैं लेकिन ये ट्रेने गाजियाबाद स्टेशन पर नहीं रूकती हैं। गाजियाबाद के लोगों को इन ट्रेनों में सफर करने के लिए पहले दिल्ली जाना पड़ता है और फिर दिल्ली से ये ट्रेन गाजियाबाद होकर गुजर जाती है। उन्होंने कहा कि ऐसी बहुत सी ट्रेने हैं जो दिल्ली से आतीं है लेकिन गाजियाबाद स्टेशन पर नहीं रूकती हैं। अब उनका प्रयास है कि ये ट्रेने गाजियाबाद में भी रूकें। इन वीआईपी ट्रेनों का गाजियाबाद में भी ठहराव हो। उन्होंने कहा कि कई ट्रेनों के ठहराव में प्लेटफार्म की लंबाई की तकनीकी दिक्कत आती है उसे नए स्टेशन के निर्माण के साथ दुरूस्त कर लिया जायेगा और जिन ट्रेनों के रूकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था है उन ट्रेनों का ठहराव गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर करवाया जायेगा जिससे गाजियाबाद के लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए दिल्ली ना जाना पड़े और वो अपने गंतव्य के लिए गाजियाबाद स्टेशन से ही ट्रेन में सवार हो सकें।

### पिछले 15 वर्षों से है मेरा एक ही फोन नंबर, कर सकते हैं सब उसी पर बात

करंट क्राइम। जनता के लिए उपलब्धता, जनता के लिए संवाद और जनता के लिए बात के प्रश्न पर करंट क्राइम ने जब ये पूछा कि अगर कोई व्यक्ति आपके आवास पर नहीं आ सकता है तो क्या वो आपसे फोन पर बात कर सकता है क्या जनता से बात करने के लिए कोई अलग नंबर रहेगा या इसके लिए कुछ और व्यवस्था रहेगी। तो सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि मेरा पिछले 15 सालों से एक ही नंबर है और उसी पर सब बात करते हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार विधायक बना तब भी यही नंबर था, दूसरी बार विधायक बना तब भी यह नंबर बना और जब लोकसभा सांसद बना हूं तब भी यही नंबर है। उन्होंने कहा कि मेरे पास 15 वर्षों से एक ही मोबाइल नंबर है। यह नंबर सभी कार्यकताओं के पास है क्षेत्र की जनता के पास है और मैं इस नंबर पर हमेशा उपलब्ध हूं।

### दे दूंगा 19 जून से पहले शहर विधायक पद से इस्तीफा

करंट क्राइम। अतुल गर्ग दो बार विधायक का चुनाव जीते हैं और इस बार पार्टी ने उन्हें लोकसभा का टिकट दिया। अतुल गर्ग ने तीन लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतकर इस सीट को भाजपा के नाम किया। अब वो लोकसभा सांसद हैं। जाहिर है उन्हें अब विधानसभा सदस्य यानी विधायक वाले पद से इस्तीफा देना है। करंट क्राइम के सवाल पर उन्होंने कहा कि सांसद बनने के 15 दिन के अंदर इस्तीफा देना होता है। मैं 19 जून से पहले विधानसभा सदस्य पद से इस्तीफा दे दूंगा। संभवत यह तारीख 15 जून रहेगी।

### जिले के सभी विधायक और सांसद मिलकर करेंगे काम

करंट क्राइम। गाजियाबाद में सांसद विधायक दूरी काफी चर्चा में रही है। कई मौकों पर ये दूरी दिखाई दी है। ये दूरी खत्म हो रही है और इसका संदेश सबसे पहले लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दिया। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जिले के सभी विधायक और सांसद मिलकर जिले के विकास के लिए काम करेंगे। पूरे तालमेल के साथ काम होगा और परस्पर संवाद बना रहेगा।

### जून के महीने में होगी दिशा की बैठक

करंट क्राइम। जब लोकसभा और विधानसभा वालों के बीच गैप की बात आती है तो यहां दिशा का मैप सामने आता है। दिशा की बैठक में विधानसभा वालों की कुर्सी खाली रहती थी और अधिकारियों की कुर्सी पर अधिकारी विराजमान रहते थे। अब जब तस्वीर बदली है तो क्या दिशा की बैठक के हालात भी बदलेंगे। इस पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि दिशा की बैठक आगामी 15 दिन में होगी। उन्होंने कहा कि दिशा की बैठक से पहले सभी विधायकों से बात करके उपलब्धता और सहमति बनाई जायेगी। इसके बाद हम सभी विधायक और सांसद एक साथ बैठ कर दिशा की बैठक में विकास की दशा को लेकर चर्चा करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनका प्रयास यह रहेगा कि जून के महीने में ही दिशा की बैठक हो जाये।

### पुलिस अधिकारी और नंदकिशोर जी के विवाद का दोनों मंत्री और मैं निकालेंगे समाधान

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर जिले के बड़े पुलिस अधिकारी को लेकर नाराज हैं और वो लगातार लैटर बम फोड़ रहे हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर लगातार पुलिस अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। वो गृह सचिव को पत्र लिख रहे हैं। ऐसे में क्या भाजपा के दूसरे प्रतिनिधि यह प्रयास नहीं कर रहे कि इस समस्या का समाधान हो। इस पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा दिल्ली में है और यह विचार किया गया है कि लोनी विधायक और पुलिस अधिकारी वाले विवाद में मैं अतुल गर्ग स्वयं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मिलकर पहले लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से बात करेंगे। उसके बाद पुलिस अधिकारी से बात करेंगे और फिर इस पूरे मामले का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। हमारा विचार यही है कि अब यह विवाद समाप्त होना चाहिए। विवाद के स्थान पर संवाद कायम होना चाहिए।

# करंट क्राइम के उठते सवाल पर आ गया सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी का जवाब

## कहा मेरे बूथ पर जीती हैं डॉली शर्मा और ये रहा एक-एक वोट का हिसाब



▶▶क्यों कहा कहने वाले ने कि जब आप छाप ही रहे हो लगातार बूथ वाली रिपोर्ट? तो इस रिपोर्ट पर अभी तक क्यों है जटवाड़ा वाले चौधरी ब्रदर्स खामोश? दोनों का है राजनीति में मजबूत किरदार? दोनों को कम से कम लाना चाहिए अपने बूथ पर मिले वोटों का आंकड़ा बाहर? कम से कम दोनों ब्रदर करें तो सही इस बारे में शुरूआत? या फिर बूथ पर वोट को लेकर इनका भी मामला डाउटफुल है साहब?

### राहुल चौधरी ने बताया कि 6 बूथों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 1538 और भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को 1334 वोट मिले हैं।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम लगातार बूथ की रिपोर्ट प्रकाशित कर रहा है वो बता रहा है कि कौन नेता अपने बूथ पर कमजोर रहा है और कौन नेता अपने बूथ पर मजबूत रहा है। 10 जून के अंक में उठते सवालों के करंट में जाट ब्रदर का जिक्र किया गया था और उनके बूथ पर कौन जीता और कौन देगा हिसाब को लेकर सवाल था। दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी का जवाब आया। उन्होंने अपने बूथ पर मिली एक एक वोट पर मिली वोट का हिसाब दिया और कहा मेरे बूथ पर गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा जीतीं है। राहुल चौधरी ने 10 जून को सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर दैनिक करंट क्राइम को अपने बूथ पर मिली वोट की पूरी डिटेल भेज दी। बूथ का नंबर बताया, वोट बताये। राहुल चौधरी ने बताया कि मेरे सेंटर पर 6 बूथ हैं और मेरा बूथ संख्या 430 है। मेरे बूथ संख्या 430 तक भाजपा के अतुल गर्ग को 242 वोट और सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा 288 वोट मिले हैं। उन्होंने बाकायदा प्रूफ भेजा और साबित किया कि जाट ब्रदर के पिच पर भाजपा हारी है। राहुल चौधरी ने बताया कि 6 बूथों पर सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार डॉली शर्मा को 1538 और भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग को 1334 वोट मिले हैं।

### राहुल चौधरी ने दिया 426 बूथ से लेकर 431 पर मिली वोटों का हिसाब

करंट क्राइम। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी ने दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में बताया कि उनका बूथ संख्या 430 है और इस मतदान केन्द्र पर 6 बूथ हैं। जिनकी संख्या 426 से लेकर 431 है। राहुल चौधरी का ये बूथ जटवाडा मोहल्ले का है और इसका केन्द्र सिद्धार्थ विहार स्कूल में है। खास बात ये है कि कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी का बूथ संख्या भी है राहुल चौधरी तथा विजय चौधरी एक कुनबे के नाते भाई भी हैं। राहुल चौधरी की खूबी ये है कि वो इस बूथ पर पहले से हर चुनाव में मजबूत रहे हैं। बड़ी बात ये है कि ये बूथ सपा का कैडर वोट वाला बूथ नहीं है। लेकिन बीच शहर में ये बूथ राहुल चौधरी की क्षेत्र में मजबूती का परिचय है। यहां वो अपनी कनैक्टिविटी और एकक्टिविटी के साथ रहते हैं। राहुल चौधरी ने 6 बूथों का हिसाब दिया और बताया कि बूथ संख्या 426 पर अतुल गर्ग को 23 वोट मिली हैं जबकि कांग्रेस को 459 वोट मिली हैं। इसके अलावा बूथ संख्या 427 पर अतुल गर्ग को 409 वोट और डॉली शर्मा को 124 वोट मिली है। बूथ संख्या 428 पर अतुल गर्ग को 180 और डॉली शर्मा को 273 वोट मिली हैं। बूथ संख्या 229 पर अतुल गर्ग को 106 और गठबंधन उम्मीदवार को 253 वोट मिली हैं। बूथ संख्या 430 पर अतुल गर्ग को 242 और डॉली शर्मा को 288 वोट मिली हैं। बूथ संख्या 431 पर अतुल गर्ग को 374 और डॉली शर्मा को 141 वोट मिली हैं। राजनीति में राहुल चौधरी ने अपनी पारदर्शिता से ये चुनौती अन्य नेताओं के लिए भी रखी कि उन्हें भी इसी तरह अपने बूथ पर एक एक वोट का हिसाब देना चाहिए। राहुल चौधरी पहल से अपने बूथ पर मजबूत पकड़ रखते है।

### स्वागत-सत्कार



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के निवास पर उनसे शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे। इस मौके पर राजनाथ सिंह के सुपुत्र नीरज सिंह ने उनका बुके देकर स्वागत किया।

# बड़े पुलिस अधिकारी के खिलाफ विधायक नन्द किशोर गुर्जर की आरोपों वाली जंग है जारी

## कहा खुद की सुरक्षा के लिए नहीं है मेरी लड़ाई, पुलिस की कार्यप्रणाली के खिलाफ है



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का बड़े पुलिस अधिकारी के खिलाफ आरोप युद्ध जारी रहा। सोमवार को विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने मीडिया के नाम पत्र जारी किया और कहा कि मेरी नाराजगी और आपत्ति पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैं अपनी सुरक्षा हटाये जाने को लेकर यह आरोप नहीं लगा रहा हूं। सुरक्षा बढ़ाना और घटना पुलिस का कार्य है। लेकिन मैं अपनी बात रख रहा हूं और उन्होंने 10 जून की सुबह अपने आवास पर चल रहे जनता दर्शन के दौरान की वीडियो भेजी और कहा कि पुलिस अधिकारी के दावों के विपरीत मेरे आवास पर कोई सुरक्षा नहीं है। मेरा सवाल थोक में किये गये मुचलके, जनप्रतिनिधियों को प्रचार से रोकने के लिए हटाई कई सुरक्षा को लेकर है लेकिन यहां इस तरह से प्रचारित किया गया कि मैं अपनी सुरक्षा हटने के कारण पत्र लिख रहा हूं। विधायक ने कहा कि मुझे सुरक्षा की जरूरत नहीं है और उन्होंने पुलिस अधिकारी के लिए भी पत्र में लिखा कि भविष्य में राजनीति में उतरने से पहले जनपद में राजनीति का अभ्यास कर रहे पुलिस अधिकारी विषय को विषयान्तर ना करते हुए मूल सवालों पर बात करेंगे जो अभी तक अनुत्तरित हैं।

## संपादकीय

# नई सरकार और दो बड़ी चुनौतियां

तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ लेने वाले नरेंद्र दामोदरदास मोदी 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से बंधे हैं। ऐसे में मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए सरकार विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करें। एनडीए सरकार के मुखिया के तौर पर नरेंद्र मोदी पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें टिकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मोदी सरकार 3.0 का एजेंडा पिछली सरकारों से किन रूपों में और कितना अलग होगा। सवाल के पीछे सबसे बड़ी वजह यही है कि इस बार सरकार सहयोगी दलों के समर्थन पर निर्भर है। ऐसे में जिस तरह की स्वतंत्रता के साथ प्रधानमंत्री अपने और अपनी पार्टी के एजेंडे को लागू करते रहे हैं, वैसी आजादी शायद इस बार न मिले।

वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर इस राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। जहां तक रोजाना के कामकाज और आर्थिक विकास की रफ्तार की बात है तो उस मोर्चे पर नई सरकार के लिए कोई बड़ी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। राजनीति की लंबी पारी ने पीएम मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं। दस साल पहले के मुकाबले आज देश विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़ा है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80% बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

## अनसुलझी व्यथा

प्रस्तुति करंट क्राइम

नरेंद्र राठी
(कवि गाजियाबादी)



शायद मिलने उनको आना होगा
लगता कोई तो बहाना होगा,
शायद मिलने उनको आना होगा,
क्यूँ ये हिचकियों का आना,
खिड़कियों का खुद खुल जाना,
आँखों में आंसुओ का भर जाना,
बिन मौसम बादल का छा जाना,
कागा को बैठ मुंडेर पर गाना,
बिन कारण दिल का घबराना,
नजरों का दर पर लग जाना,
मन ही मन मे मुस्कुराना,
आँखों से नींद का भग जाना,
सोते सोते घबराकर जग जाना,
आईने में खुद देख खुद से शमार्ना,
खुद को दुल्हन सा सजाना होगा,
शायद मिलने उनको आना होगा..../// 

## नई कैबिनेट से नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी : नोमुरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी नई कैबिनेट की संरचना से संकेत मिलता है कि मौजूदा समय में सरकार की नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। वैश्विक ब्रोकरेज और निवेश फर्म नोमुरा की ओर से जारी एक नोट में ये बात कही गई है। मोदी सरकार के नए मंत्रिमंडल में 30 कैबिनेट मंत्री, 36 राज्य मंत्री और 5 राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के साथ बनाए गए हैं। नोमुरा की ओर से उम्मीद की जा रही है कि नीतियों में निरंतरता जारी रखने के लिए सरकार द्वारा पोर्टफोलियो में शायद बदलाव न किया जाए। ऐसी स्थिति में निफ्टी इस वर्ष के अंत तक 24,860 का आंकड़ा तोड़ सकता है। नोमुरा ने कहा, पिछले हफ्ते उभरी चिंताएं अब दूर हो चुकी हैं। कैबिनेट की संरचना भी दशार्ती है कि मौजूदा समय में नीतियों में निरंतरता जारी रहेगी। ब्रोकरेज फर्म ने आगे कहा कि बड़े फैक्टर के स्थिर होने और आय में वृद्धि के चलते हम इक्विटी पर काफी सकारात्मक हैं। आने वाले बजट पर सभी की निगाहें होंगी, जो दिखाएगा कि सरकारी की नीति क्या है। हमारा मानना है कि नीतियों में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। ब्रोकरेज फर्म का कहना है कि सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने पर ध्यान देगी और निवेश एवं पूंजीगत व्यय को जारी रखेगी। साथ ही बताया कि भारत की आर्थिक स्थिति काफी मजबूत है। इससे पहले के नोट में नोमुरा ने कहा था कि भारत में सुधार आम तौर पर राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं और हम उम्मीद करते हैं कि सरकार प्रशासनिक सुधारों की गति जारी रखेगी।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता भारत : सीआईआई

**नई दिल्ली।** कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) ने सोमवार को कहा कि उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक गति जारी रहेगी और यह दुनिया के टॉप तीन देशों में जल्द शामिल होगा। सीआईआई के प्रेसिडेंट संजीव पुरी ने कहा, लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के लिए उन्हें बधाई देते हैं। पुरी ने आगे कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 8.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है। उनके नेतृत्व में अगले चरण के सुधारों के जरिए भारत वैश्विक अवसरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकता है। साथ ही बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है। ऐसा माना जा रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था जल्द जापान को पछाड़ कर दुनिया की चौथी-सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। सरकार की ओर से भी हाल ही में कहा गया था कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 में जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।



उन्होंने आगे कहा कि यह भारत के लिए बड़ा पल है और भारतीय उद्योग नई सरकार के साथ काम करने को लेकर उत्साहित है। इससे देश का तेजी से विकास होगा। सीआईआई के डायरेक्टर जनरल चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के विकास का सुनहरा अध्याय शुरू होगा। कार्यभार संभालने के बाद पीएम मोदी की ओर से सोमवार को पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त किसानों को जारी की गई। इसका सीधा फायदा 9.3 करोड़ किसानों को होगा।

इसमें करीब 20,000 करोड़ रुपये की राशि किसानों को दी गई है। बनर्जी ने कहा कि सीआईआई अगले चरण के सुधारों पर सभी पक्षकारों की सहमति बनाने के लिए अपनी पहल तेज करेगा। साथ ही कहा कि हम नई सरकार के साथ भारत के डेमोग्राफिक डिविडेंड को अनलॉक करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्रों में काम करेंगे।

# पेटीएम ने नौकरियों में की कटौती, प्रभावित कर्मचारियों को देगी बोनस

**नई दिल्ली।** पेटीएम के स्वामित्व वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) की ओर से पुनर्गठन के चलते कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है, जो कर्मचारी इस छंटनी से प्रभावित हुए हैं, कंपनी उन्हें दूसरी जॉब खोजने में मदद कर रही है। पेटीएम की ओर से कितने कर्मचारियों को निकाला गया है। फिलहाल इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

कंपनी ने अपने बयान में कहा कि कर्मचारियों के बकाया बोनस का भी भुगतान किया जा रहा है, जिससे इस




प्रोसेस में पारदर्शिता बनी रहे। कंपनी ने बयान में कहा, वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) उन कर्मचारियों को आउटप्लेसमेंट सपोर्ट प्रदान कर रहा है, जिन्होंने कंपनी के पुनर्गठन प्रयासों के तहत इस्तीफा दे दिया है। आउटप्लेसमेंट सपोर्ट उस स्थिति को कहा जाता है, जब कोई कंपनी छंटनी में निकाले गए कर्मचारियों की दूसरी नौकरी खोजने में मदद करती है।

पेटीएम ने कहा, हमारी एचआर टीम 30 से ज्यादा ऐसी कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है, जो भर्तियां कर रहे हैं और कर्मचारियों के साथ इन भर्तियों की जानकारी शेयर की जा रही है, जिससे कर्मचारियों को तुरंत आउटप्लेसमेंट में मदद मिले। पेटीएम का शेयर सोमवार दोपहर 3:00 बजे 2.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 389.50 रुपये पर कारोबार कर रहा था। वित्तीय क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी पेटीएम में पिछले कुछ दिनों से रिकवरी के संकेत मिले हैं। कंपनी का फोकस अब यूपीआई पर शिफ्ट हो गया है।

मई में पेटीएम प्लेटफॉर्म पर करीब 1.24 अरब यूपीआई लेनदेन हुए हैं। इसके अलावा कंपनी कई अन्य इनिशिएटिव जैसे क्रेडिट कार्ड, यूपीआई और यूपीआई लाइट पर फोकस कर रही है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष जेपी कश्यप ने अपनी सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का एक और सोपान पूरा किया। परिवार से लेकर सभी शुभ चिंतकों ने बधाई शुभकामनाए दी। जेपी कश्यप ने सभी का विशेष रूप से स्नेहिल आभार व्यक्त किया।

## शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 203 अंक फिसला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की तेजी पर सोमवार को ब्रेक लग गया। बाजार के मुख्य सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। 5 जून से शेयर बाजार में लगातार तेजी देखी जा रही थी। सेंसेक्स 203 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 76,490 अंक और निफ्टी 30 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 23,259 अंक पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो पीएसयू बैंक, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। आईटी, फिन सर्विस, मेटल और ऑयल एंड गैस लाल निशान में थे। बाजार में गिरावट लार्जकैप तक ही सीमित थी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़की - क्या कर रहे हो..?
बंटी - मच्छर मार रहा हूं..!
लड़की - कितने मारे..?
बंटी - पांच मारे। तीन फीमेल और दो मेल!
लड़की - कैसे पता चला कि मेल कौन है और फीमेल कौन..?
बंटी - तीन आईने पर बैठे थे और दो बियर के पास।

---

टीचर ने कक्षा में बच्चों से पूछा, दहेज किसे कहते हैं?
जवाब सुनकर टीचर हैरान हो गया।
जब कोई लड़का किसी लड़की को जीवन भर झेलने के लिए तैयार हो जाता है तो इसके बदले उसे दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दहेज कहते हैं।

---

मौंटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
शौंटी- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो।
मौंटी- क्यों?
शौंटी- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 350 मिलियन वर्ष पहले, सऊदी अरब में 20 फुट लंबा मशरूम मौजूद था। इसकी उस समय सूखी जमीन पर सबसे बड़ी जीवित चीज होने की संभावना थी।
- आधुनिक अध्ययनों से पता चलता है कि मशरूम जीवाणुरोधी, एंटी-इन्फ्लैमेटरीज और एंटीऑक्सिडेंट्स के लिए उपयोगी हो सकते हैं।
- क्या आप जानते हैं? कई पौधे मशरूम के साथ सहजीवन (जिसे मायकोर्हिज़िअल रिश्ते कहा जाता है) में रहते हैं। कवक के मायसेलियम (हाइफे के धागे-जैसा द्रव्यमान) पोषक तत्वों के साथ पौधे की जड़ का पोषण करता है, और बदले में यह पौधों द्वारा उत्पादन किये हुए भोजन को प्राप्त करता है।
- जिली ट्रवानंगन, बाली में एक छोटा सा द्वीप है, जिसमें मुख्य रूप से मुस्लिम आबादी है। यहाँ शराब पर कठोर पाबन्दी है, लेकिन द्वीपवासी खुलेआम और कानूनी रूप से मिल्कशेक में नियमित रूप से मैजिक मशरूम बेचते हैं और उपभोग करते हैं और इसे आलू के चिप्स की तरह खाते हैं!
- पारंपरिक चीनी दवा ने सदियों से मशरूम के औषधीय गुणों का उपयोग किया है।

करंट क्राइम
परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
11 06 2024
आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



लालू प्रसाद यादव
राजनेता



नियति राज, विवान त्यागी, बोईशाली एस, कैप्टन विकास गुप्ता, अमित प्रताप, अर्पण त्यागी, अतुल रश्मि
भगवत सिंह भाटी, चरणजीत, शरदेंदू शर्मा, जितेंद्र भाटी, पवन शर्मा, प्रदीप पाठक, राजेश त्यागी
रोहित प्रधान, उदयन अरविंद प्रभात, उमेश चंद पंत, राहुल वत्स, प्रवीण मिश्रा, विकास मिश्रा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# अपने पहले संबोधन में बोले प्रधानमंत्री, 'पीएमओ जनता का होना चाहिए, मोदी का नहीं'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तीसरी बार पीएम पद का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के बाद वह एक बार फिर एक्शन मोड में दिखाई दिए। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएमओ लोगों का पीएमओ होना चाहिए और यह मोदी का पीएमओ नहीं हो सकता। इस दौरान पीएम मोदी ने अपनी ऊर्जा का राज बताते हुए पीएमओ के अधिकारियों को बताया आखिर वह थकते क्यों नहीं हैं। पीएम मोदी ने कहा, 10 साल पहले हमारे देश में एक छवि बनी हुई थी कि पीएमओ एक शक्ति का केंद्र है, एक बहुत बड़ा पावर सेंटर है और मैं न सत्ता के लिए पैदा हुआ हूं और न मैं शक्ति अर्जित करने के लिए सोचता हूं। मेरे लिए पीएमओ सबका केंद्र बने, पीएमओ शक्ति केंद्र बने, ये ना मेरी इच्छा बने और न वो मेरा रास्ता है, इसलिए 2014 से हमने जो कदम उठाए हैं, हमने इसे एक उत्प्रेरक एजेंट के रूप में विकसित करने की कोशिश की है। मेरी कोशिश रही है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान होना चाहिए। पीपुल्स पीएमओ होना चाहिए। यह मोदी का पीएमओ नहीं हो सकता। इसलिए, मेरे दिल और दिमाग में 140 करोड़ लोगों के अलावा और कोई नहीं है। मेरे लिए 140 करोड़ नागरिक नहीं हैं, मेरे लिए 140 करोड़ परमात्मा का रूप हैं। जब मैं सरकार में बैठकर निर्णय करता हूं तो मैं सोचता हूं कि आज 140 करोड़ देशवासियों की इस रूप में मैंने पूजा की है और उनके चरणों में मैंने इस योजना के रूप में एक पुष्प चढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे पक्का विश्वास है कि 140 करोड़ देशवासियों ने आपके पुरुषार्थ को मुहर लगाई है। यह चुनाव मोदी के भाषणों पर मुहर नहीं है। ये चुनाव आपके 10 साल के हर सरकारी कर्मचारियों के पुरुषार्थ पर मुहर लगी है। इस विजय के बड़े हकदार आप लोग हैं, इस विजय के बड़े हकदार भारत सरकार के हर कर्मचारी भी हैं, जिन्होंने एक विजन के लिए खुद को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि सफल इंसान वो होता है, जिसके भीतर का विद्यार्थी कभी मरता नहीं है। पिछले 30 साल से ये सवाल सुन-सुनकर थक चूका हूं कि इतनी एनर्जी कहां से लाते हो, थकते क्यों नहीं हो। वह मेरी बॉडी को तराश रहे हैं कि मैं क्या खाता हूं, कितने बजे सोता हूं, मैं योग कितना करता हूं और वो गलत ट्रैक पर हैं, इसलिए उन्हें मेरी एनर्जी का रहस्य पता नहीं है। मेरी एनर्जी का रहस्य है, मैं भीतर के विद्यार्थी को जिंदा रखता हूं। जो व्यक्ति अपने भीतर विद्यार्थी को जीवित रखता है, वो कभी-भी सामर्थ्यहीन, शक्तिहीन और आलसी नहीं होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ₹हम वो लोग नहीं हैं जिनका ऑफिस इतने बजे शुरू होता है और इतने बजे खत्म होता है। हम वो लोग नहीं हैं, हम समय से बंधे नहीं हैं, हमारी सोच की कोई सीमा नहीं है और हमारे प्रयासों का कोई मापदंड नहीं है। जो इससे परे हैं, वो मेरी टीम है और देश उस टीम पर भरोसा करता है।

## भारत से मिली हार के बाद पाकिस्तान पर बौखलाए वकार युनुस

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वकार युनुस ने टी20 विश्व कप मुकाबले में भारत से छह रन से मिली हार के लिए बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम की जमकर आलोचना की है। 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पाकिस्तान 12 ओवर तक 72/2 के स्कोर के साथ मैच में मजबूत स्थिति में था। रिजवान और फखर जमान क्रीज पर थे। लेकिन यहां से मैच का पासा पलटा और इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद भारत ने पाकिस्तान पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। इस कमबैक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने लगातार विकेट चटकाए और पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वकार युनुस ने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने खराब बल्लेबाजी करके पाकिस्तान को यह मैच जीतने का अच्छा मौका दिया था। वे आसानी से 140-150 रन बना सकते थे लेकिन लगातार विकेट गंवाने के कारण वो इस स्कोर से पीछे रह गए। हालांकि, भारत एक संतुलित टीम है।

# सोनिया गांधी ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की। सोनिया गांधी और शेख हसीना के बीच मुलाकात नई दिल्ली में हुई। इस मुलाकात में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। कांग्रेस ने मुलाकात की आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में सोमवार दोपहर बांग्लादेश के प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की है। कांग्रेस ने मुलाकात की तस्वीरें भी साझा की। मुलाकात के दौरान सोनिया गांधी ने गर्मजोशी से शेख हसीना को गले लगाया। गौरतलब है कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री भारत की नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली आई थीं। वह रविवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुईं। नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के नेता, अक्षय कुमार, शाहरुख, रजनीकांत जैसे फिल्म स्टार तो दूसरी और श्रमिक व सफाई कर्मचारी भी अतिथि थे। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कई विदेशी मेहमान राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में मौजूद थे। इनमें नेपाल, बांग्लादेश और भूटान के प्रधानमंत्री व मालदीव के राष्ट्रपति शामिल थे। सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति, अहमद अफीफ व मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ भी यहां पहुंचे। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल रविवार को नरेंद्र मोदी व उनकी कैबिनेट के शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने।

## जीवन की सीख देती है रामायण: कृष्ण प्रताप तिवारी





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** श्रीजगदंबा मंदिर शिव चौक शालीमार गार्डन में चल रही श्रीराम कथा में कथावाचक कृष्ण प्रताप तिवारी ने बताया चित्रकूट में श्री राम ने काफी वर्ष बिताए और यहाँ बड़े बड़े ऋषि मुनियों से मुलाकात करते हुए बाल्मीकि ऋषि से भी मिले। उन्होंने राम जी को भी आशीर्वाद दिया, फिर अगस्त मुनि के आश्रम में भी रहे। जहाँ हर प्रकार के अस्त्र अगस्त मुनि ने राम लखन को दिए।

प्रभु जिस रास्ते पर आप जा रहे हैं वहांअति भयानक किस्म के राक्षस हैं, और उनका राजा रावण त्राहि त्राहि मचा रहा है। आपको लड़ने के लिए सभी अस्त्रों का ज्ञान आपके पास होना आवश्यक है ।तब श्री राम जानकी व लखन ने दक्षिण दिशा में प्रस्थान किया। वहाँ राक्षसों ने उत्पात मचा रखा था ,जिसमें रावण की बहन शूर्पणखा अपने भाई खरदूसन के साथ यहाँ रहती थी। भगवान ने अपनी कुटी बनाई और माता सीता सहित आराम करने लगे। कथा के यजमान चंद्रकांत शर्मा रहे। इस अवसर पर पार्षद राजीव भाटी,,युग गुर्जर, राज किशन अग्रवाल, डॉ.सकलानी, गोपाल दत्त शर्मा, हरी अग्रवाल, राधे श्याम, छोटे लाल तिवारी, बी.एन तिवारी, किरणपाल भाटी आदि लोग मौजूद रहे।

## जयंत चौधरी के स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के केंद्र में कौशल विकास एवं शिक्षा राज्यमंत्री बनने पर राष्ट्रीय लोकदल के एक-एक कार्यकर्ता में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। कविनगर स्थित राधा कृष्ण मंदिर पर राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस खुशी के मौके पर भगवान का लड्डुओं से भोग लगाया और लोगों को लड्डू खिलाकर इस मौके पर बधाइयां दीं। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू और प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान ने बताया केजयंत चौधर के केंद्र में स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनने पर और कौशल विकास एवं शिक्षा मंत्री का दायित्व मिलने पर हम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को धन्यवाद देते हैं और सभी राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्तओं को बधाई देते हैं। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ,रविंद्र चौहान प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार महासभा, रणवीर प्रधान, विजय कुमार, संजीव अरोड़ा प्रदेश संयोजक अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मण परिवार उत्थान संस्थान ने किया परिचय सम्मेलन का आयोजन




**साहिबाबाद करंट क्राइम।** ब्राह्मण परिवार उत्थान संस्था पंजीकृत वसुंधरा द्वारा सेक्टर 11 स्थित एम आई गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। द्वितीय ब्राह्मण परिवार युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण कराया। सभी प्रतिभागियों के अभिभावक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वर्तमान समय में रिश्ते स्थापित होने में अत्यंत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डा. बी के शर्मा ने अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। हर वर्ष मनाए जाना वाला कार्यक्रम भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं वार्षिक पत्रिका शंखनाद का विमोचन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में परम पूज्य स्वामी भूमानंद सरस्वती को ऑनलाइन सुना गया। विशिष्ट सम्मानित सदस्य उत्तर प्रदेश में राज्यमंत्री पंडित सुनील शर्मा रहे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर एस एन पांडेय ( चांसलर ग्लोबल ओपन विश्वविद्यालय दीमापुर ) नवीन शर्मा (सीओओ धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल दिल्ली ), आर के शर्मा ( प्रबंध निदेशक बी 4 एस सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड ) रहे। इस अवसर पर पूनम कौशिक, पार्षद प्रतिमा शर्मा मंडल अध्यक्ष पंडित अनिल शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉक्टर पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा ब्राह्मणों को सामाजिक और नैतिक विसंगतियों से आने वाली पीढ़ियों को बचाकर रखना होगा क्योंकि शीर्ष पर रहने के लिए सच्चाइ, चरित्र और जिम्मेदारी ही हमारी धरोहर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित बीके शर्मा पूर्व निदेशक एवं विशेष सचिव योजना दिल्ली सरकार अध्यक्ष ब्राह्मण परिवार उत्थान संस्था ने की मंच संचालन महासचिव अशोक शर्मा ने किया।

# मैंने दबाव को संभालना और उसे प्रेरणा में बदलना सीख लिया है : नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक को डिफेंड करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने दावा किया है कि वह पेरिस ओलंपिक में देश की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो 2020 में पुरुषों के जैवलिन थ्रो इवेंट में 87.58 मीटर थ्रो कर जीत पक्की करते हुए ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था। पेरिस 2024 से पहले, चोपड़ा ने जियो सिनेमा के 'गेट सेट गोल्ड' पर दिनेश कार्तिक से बात की और उन्होंने यह भी बताया कि वो पेरिस 2024 में दबाव का सामना कैसे करेंगे। चोपड़ा को पेरिस 2024 में मेडल जीतने के लिए पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक माना जा रहा है। नीरज ने कहा, दबाव तो है, क्योंकि पूरे देश की उम्मीदें मुझ पर टिकी हैं। लेकिन धीरे-धीरे मैंने दबाव को संभालना और दबाव को प्रेरणा में बदलना सीख लिया है। इसलिए हम इसके लिए तैयार हैं। विश्व चैंपियन 2023 ने बताया कि कैसे उनकी टोक्यो 2020 जीत और उनकी हालिया विश्व चैंपियनशिप जीत ने भारतीय एथलीटों को साबित कर दिया कि वे अपने खेल में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए सभी मानसिक बाधाओं को पार कर सकते हैं। नीरज ने कहा, भारतीय एथलीटों की मानसिकता बदल रही है। पहले हम सोचते थे कि विदेशी एथलीट मजबूत हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करना कठिन है, पदक जीतना या ओलंपिक स्वर्ण जीतना कठिन है। लेकिन अब जब ऐसा हुआ है, तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है। टोक्यो के बाद भी, मैं पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में था और फिर से मैंने स्वर्ण पदक जीता। अब मुझे यकीन हो गया है कि यह सिर्फ एक मानसिक बाधा है और कुछ नहीं। कार्तिक को जैवलिन थ्रो की मूल बातें बताने के बाद, चोपड़ा ने उन पांच पॉइंट्स पर चर्चा की, जो उनके अनुसार एक ओलंपिक चैंपियन तैयार करती है। सबसे पहले, मुझे लगता है कि आपको अपने प्रशिक्षण पर 100 प्रतिशत ध्यान देना चाहिए और सबसे बड़ी बात अपने खेल के प्रति सम्मान होना चाहिए। दूसरा, आपकी डाइट और रिकवरी। तीसरा, आप कितनी अच्छी तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं और क्या एक खास प्लान के साथ चीजें कर रहे हैं। यह कड़ी मेहनत के साथ-साथ स्मार्ट वर्क भी होना चाहिए। फिर, हमारा परिवार, हमारे आस-पास के लोग, जो हमसे प्यार करते हैं और हमारे बारे में सोचते हैं, वे हमेशा हमें आगे बढ़ने में मदद करते हैं। आखिरी चीज जो मुझे सबसे महत्वपूर्ण लगती है, वह है आत्मविश्वास। कभी-कभी, मुझे लगा है कि मेरा थ्रो आखिरी थ्रो तक सही नहीं रहा है। लेकिन मुझे अभी भी खुद पर विश्वास है कि मुझे इसे अंत तक करना है। और कई प्रतियोगिताओं में, मेरा आखिरी थ्रो सबसे अच्छा रहा है। चोपड़ा इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो खिलाड़ियों में से एक हैं।

# भारतीय हॉकी टीम ने बेहतरीन टीम वर्क दिखाया : हरमनप्रीत



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 16 मैचों में 24 अंकों के साथ एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में अपने अभियान का अंत किया। इसमें 5 जीत, 5 हार और छह ड्रॉ शामिल हैं।

वर्तमान में भारत अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। इस टूनार्मेंट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन और आयरलैंड सहित 9 टीमों ने भाग लिया। एफआईएच प्रो लीग 2023-24, तीस जून तक जारी रहेगा लेकिन भारत ने रविवार को अपना 16वां और अंतिम मैच खेला, जिससे उसके एक प्रतिस्पर्धी और महत्वपूर्ण सीजन का समापन हुआ। टीम के प्रदर्शन पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, एफआईएच प्रो लीग 2023-24 हमारे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। नीदरलैंड 2-2 (4-2 शूटआउट), अर्जेंटीना (5-4) और जर्मनी (3-0) जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ हमारी कुछ जीत हमारी टीम की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प को उजागर करती है। हमने पूरे टूनार्मेंट में अच्छा टीम वर्क दिखाया है। भारत के कप्तान एक स्टार परफॉर्मर के रूप में उभरे और भारत के लिए टूनार्मेंट में शीर्ष स्कोरर रहे। अपने नाम 12 गोल के साथ, वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स और नीदरलैंड के जिप जानसेन के साथ टूनार्मेंट के संयुक्त प्रमुख गोल करने वाले खिलाड़ी भी हैं। हरमनप्रीत ने आगामी 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए इस टूनार्मेंट के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा, यह लीग हमारी ताकत और सुधार के क्षेत्रों को समझने में हमारी मदद करने में महत्वपूर्ण रही है। शीर्ष स्तरीय टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से हमें अपने खेल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। अब हम जानते हैं कि हम कहां खड़े हैं और वैश्विक मंच पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए हमें किन चीजों पर काम करने की जरूरत है। अब भारत बैंगलोर में एक शिविर के लिए लौटने से पहले एक छोटा ब्रेक लेगा, जहां वह अपनी रणनीतियों को बेहतर बनाने और प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

कप्तान ने कहा, हमने अपने खेल के उन विशिष्ट पहलुओं की पहचान की है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है और आगामी शिविर उन क्षेत्रों पर काम करने में महत्वपूर्ण होगा। हमारा लक्ष्य अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस ओलंपिक के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# ओमान को हराकर ग्रुप-बी में टॉप पर पहुंचा स्कॉटलैंड




**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद 61 और जॉर्ज मुन्से के 41 रनों की बदौलत स्कॉटलैंड ने रविवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टी20 विश्व कप ग्रुप-बी मैच में ओमान को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम ने प्रतीक की 54 रन की पारी की बदौलत सात विकेट खोकर 150 रन बनाए। स्कॉटलैंड के सभी गेंदबाजो ने शानदार गेंदबाजी की। सफयान शरीफ को 2 विकेट मिले। वहीं, मार्क वॉट, ब्रेड व्हील, सोल और क्रिस ग्रीव्स को 1-1 सफलता मिली। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरूआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 153/3 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैकमुलेन ने 31 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए 61 रन की मैच विनिंग पारी खेली। ओमान के गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। टीम के लिए बिलाल खान, आकिब इलयास और मेहरान खान को 1-1 विकेट मिला। इस जीत का मतलब है कि स्कॉटलैंड सुपर आठ में पहुंच सकता है। वह नामीबिया के खिलाफ जीत और इंग्लैंड के रद्द हुए मैच के बाद ग्रुप बी की तालिका में शीर्ष पर है। दूसरी ओर, ओमान तीन मैचों में लगातार हार के साथ टूनार्मेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। स्कॉटलैंड की ओमान पर इस बड़ी जीत के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप बी का अंक तालिका भी रोचक हो गया है। साथ ही इंग्लैंड पर सुपर 8 से बाहर होने का खतरा भी बढ़ गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने पर पार्षद प्रीति जैन ने बांटी मिठाई



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के वार्ड 99 के विंडसर सोसाइटी वैभव खंड में सैकड़ों लोगों ने मिलकर पार्षद प्रीति जैन ने मोदी सरकार के बनने पर एवं शपथ लेने पर खुशियां जताई। पार्षद और जनता के बीच में विकास के बहुत से मुद्दों पर संवाद कार्यक्रम भी हुआ। वार्ड 99 में एक्सप्रेस गार्डन में भी पार्षद प्रीति जैन एवं पूर्व पार्षद अभिनव जैन के साथ भारतीय जनता पार्टी की पुनः सरकार बनने पर मिठाई पार्टी एवं एक दूसरे को बधाई दी। पार्षद प्रीति जैन एवं पूर्व पार्षद अभिनव जैन ने लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को पुनः जितने एवं गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग को भारी बहुमत से जीतने के लिए अपने वार्ड में डोर टू-डोर कैंपनिंग की थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : लाहौर में हो सकती है भारत और पाकिस्तान की टक्कर




**नई दिल्ली।** न्यूयॉर्क में पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न अभी थमा भी नहीं है कि इस बीच एक रिपोर्ट के अनुसार, अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना लाहौर में हो सकता है। क्रिकबज की मानें तो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ड्राफ्ट शेड्यूल आईसीसी को सौंप दिया गया है। दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के कारण भारत ने अभी तक पाकिस्तान की यात्रा करने का फैसला नहीं किया है। पिछले साल एशिया कप में, भारतीय सरकार ने टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी थी और टूनार्मेंट में उनके मैच श्रीलंका में एक न्यूट्रल वेन्यू पर खेले गए थे। क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पड़ोसी देश अगले साल मार्च में आठ टीमों की प्रतियोगिता के अंतिम लीग मैच में एक-दूसरे से भिड़ेंगे। टूनार्मेंट 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच खेले जाने की संभावना है। हालांकि, अंतिम कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है। इससे पहले पाकिस्तान ने 11 साल बाद वनडे विश्व कप 2023 में भारत की यात्रा की थी। संभावित शेड्यूल के मुताबिक, 20 दिनों तक चलने आईसीसी टूनार्मेंट में सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही नहीं, बल्कि भारत के सारे मुकाबलों का आयोजन लाहौर में ही किया जाएगा। टूनार्मेंट के 15 मैचों में से 7 का आयोजन लाहौर में होगा। वहीं 5 मैच रावलपिंडी में जबकि 3 मैच कराची में खेले जा सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ओपनिंग मैच कराची में होगा। इसके अलावा कराची और रावलपिंडी एक-एक सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेंगे। जानकारी के अनुसार, न तो पीसीबी और न ही आईसीसी हाइब्रिड मॉडल पर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अंतिम समय में स्थिति बदलने की संभावना है। हालांकि, अब सबकी नजर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और भारत सरकार पर है कि क्या फैसला होता है।

# 50 हजार की रिश्वत लेने के मामले में कोर्ट के आदेश पर लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट




**मोदीनगर,करंट क्राइम।** चकबंदी में सड़क पर कृषि भूमि (चक) देने की बात कहकर लेखपाल द्वारा किसान से 50 हजार रुपए रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर लेखपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कस्बा फरीदनगर में तीन साल पहले चकबंदी शुरू की गई थी। कस्बा निवाड़ी भोपाल सैनी व सुमरपाल सैनी की कृषि भूमि का खाता शामलात था। चकबंदी में सभी किसानों के खाते अलग अलग होते हैं। किसान भोपाल सैनी ने बताया कि लेखपाल ने सड़क पर कृषि भूमि (चक) देने की बात कही। आरोप है कि इसके एवज में लेखपाल ने एक लाख रुपए की मांग की। किसान ने 50 हजार रुपए दे दिए और बाकी रकम काम होने की बाद देने की बात हुई। 50 हजार रुपए देने के बाद भी भोपाल सैनी का चक उनकी इच्छा अनुसार नहीं दिया गया और दूसरी स्थान पर दे दिया गया, जहां पर कीमत काफी कम है। किसान ने भोजपुर थाने में लेखपाल के खिलाफ तहरीर दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। बार-बार शिकायत के बाद भी जब रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई तो किसान ने गाजियाबाद कोर्ट में याचिका डाली। कोर्ट ने भोजपुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा सुमरपाल सैनी से भी 20 लाख रुपए का सुविधा शुल्क की मांग की गई। उन्होंने कोर्ट का सहारा लिया। दोनों किसानों की याचिका पर कोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर भोपाल सैनी की तहरीर पर लेखपाल धर्मेन्द्र कुमार चकबंदी पटवारी व सुमरपाल की तहरीर पर रोहताश के खिलाफ धारा 385, 386 व भ्रश्टाचार अधिनियम निवारण 1988 सात व 13 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जयंत चौधरी के मंत्री बनने पर चितौड़ा में मिठाई बांटकर खुशी मनाई






**गाजियाबाद,करंट क्रीइम।** चितौड़ा गांव में भूतपूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा, भारत रत्न चौ.चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी सिंह को केंद्र सरकार में मंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए जाने पर सभी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। इसके अलावा चित्तौड़ा वासियों ने इस खुशी के अवसर पर चौधरी साहब की मूर्ति पर अपनी परंपरागत होली बजाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चैयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेड अजय वीर सिंह, प्रदेश महासचिव कुंवर अयूब अली, अजय प्रमुख, प्रदेश सचिव रणवीर दहिया, प्रदीप मुखिया, विनय फफराना, बिट्टू खंजरपुर, लोकेन्द्र सिंह, विनोद गौतम, बीरसिंह सलेमाबाद, दिलावर सिंह, हरेंद्र फौजी, सोनपाल सिंह, आनंद सिंह, ऋषिपाल सिंह, इंद्रपाल सिंह, बलजीत सिंह, सुशील कुमार, जितेंद्र सिंह, मानसिंह, जोगिंदर सिंह, समरजीत सिंह, रामकुमार सिंह, समीर चौधरी, राजवीर सिंह, कुशल पाल सिंह, श्रीपाल सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




## कमिश्नर साहब के चर्चे और एडीजी साहब सीन से भी आऊट

बाबा सरकार ने पहली पारी में भी लाख कोशिश कर ली मगर ये तकरार खत्म होने का नाम नही ले रही है। पहली पारी में सिपाही कोतवाल से शुरू होकर एसएसपी तक पहुंची ये आग अब महकमें के बड़े साहब तक आ पहुंची है। पहले तो विरोध देवतुल्यों का ही था लेकिन अब तो सीन जनप्रतिनिधियों तक आ गया है। देखने वाले देख रहे हैं कि मैटर इतना बढ़ गया है कि क्रांति वाले विधायक जी ने लैटर बम फोड़े हैं। इतनी कलह के बीच कोई तो होगा जो सुलह करा दे। कहने वाले ने कहा कि पहले प्रभारी मंत्री बनाये जाते थे लेकिन यहां तो प्रभारी मंत्री भी पुलिस वाले साहब हैं लेकिन वो प्रभारी हैं भी या नही अब इसको लेकर डाऊट सा हो रहा है। वो वीआरएस वाले एडीजी है और पापा उनके डीजीपी रहे हैं। अब विधायक है और सरकार में मंत्री भी हैं। एक बार उनसे कहा था तो उन्होने बॉडी वार्न कैमरों की पुलिसिया सलाह दे दी थी। पूछने वाले पूछ रहे हैं कि लो जी कमिश्नर साहब के चर्चे तो सरकार तक हैं और जो अब पार्ट ऑफ सरकार हैं और पुलिस में एडीजी रहे हैं और जिले के प्रभारी मंत्री भी हैं लेकिन पता नही क्यों वो इस पूरे सीन से आऊट हैं,वैसे वो चुनाव से भी आऊट रहे हैं तो डाऊट होगा ही। फूल वाले पता कर लेगें कि सब कुशल मगंल तो है एडीजी साहब के साथ

## हैंडपंप वालों के साथ तो सही में हो गया सियासी खेला

वो नाम के ही राजकुमार हैं और कालेज के जमाने से लेकर लाईफ टाइम पालिटिक्स करते रहें और सुना है कि ना मकान है ना कार हैं। कालेज टाईम से लेकर अब तक पालिटिक्स ही करी और अब उन्हे टिकट मिला। फूल वालों की गठबधंन वाली यारी में दो सीट मिली और दोनो पर हैंडपंप ने उम्मीदवार उतारे। दोनो ने वोट मांगी दोनो ने दिन रात एक कर दिया और चुनाव जीत कर सासंद बनें। अब कहावत तो ये है कि जो जीता वो ही सिकंदर पर यहां तो कलंदर ही कोई और बन गया और हैंडपंप वाले दोनो सासंदो का फूल ही कट गया। कहने वाले ने कहा कि ये तो सही में इन दोनो के साथ सियासी खेला हो गया। लोकसभा का चुनाव तो जीते ये दोनो और घर बैठे उन वाले चौधरी के घर बधाई मेला हो गया। चौधरी बता रहे हैं उनके यहां तो एक सीट पर भी सरकार वाली मौज लेने की परंपरा रही है और अब तो दो सांसद है इसलिये मंत्री पद तो बनता ही है।

## मान सम्मान तो कई का हुया है बस वो बता नही रहे हैं

वैसे तो अफसरों के हाथों फूल वालों की धूल पहले भी उतरी हैं लेकिन इस बार सम्मान को लेकर घमासान है और बात ने तूल पकड़ लिया है। बात छिड़ी तो पुराने जख्म भी उभर आये और फूल वालों के ही क्रांतिवीर एक्सपार्षद ने बताया कि आईपीएस ही नही आईएएस भी कोई मौका नही चूक रहे हैं। मित्तल जी ने खुद के साथ हुई घटना का हवाला बाकायदा अफसर का नाम और पद देकर बताया। चौहान जी ने भी कहा कि अफसर नही सुन रहे हैं। तब पता चला कि ये तो वो हैं जो बाते सामनें आ गई वरना हाल तो बहुत बुरा हैं। अफसर बात तो सुन ही नही रहे हैं लेकिन बात सुनाने में पीछे नही हैं और बताने वाले ने बता भी दिया कि यहां मान सम्मान तो कई का हो गया हैं और चौकी थाने से लेकर तहसील तक हो गया है। विधायक जी तो बिना मतलब इमोशनल हो रहे हैं जब वो देख रहे हैं कि साथ के विधायक ही कतई प्रोफेशनल हो रहे हैं।

# विधायक ने 15 दिवसीय समरकैंप का शुभारम्भ किया



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** निष्काम भवन में एहसास महिला समिति द्वारा 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारम्भ विधायक डॉ0 मंजू शिवाच द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक ने समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चों को गिफ्ट भी दिए। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने कहा कि यह बच्चे ही हमारे देश का भविष्य हैं। अनुप्रीत कौर ने बताया कि 15 दिवसीय समर कैंप में पांच से 14 साल तक के बच्चों को शामिल किया गया है। इस दौरान योगा, आर्ट, अबेक्स, जूडो कराटे, पंजाबी कक्षा, नृत्य के अलावा कई तरह की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर गुरमीत गुप्ता, रूचि विज, विनीता खन्ना, मेघा मल्होत्रा, सना, रिषभ चैहान, तारिका माटा, साक्षी खुराना, प्रियंका शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर अवैध मिट्टी खनन के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** ग्राम समाज की भूमि पर अवैध मिट्टी खनन करने के मामले में लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। गांव मोहम्मद कदीम के ग्रामीणों ने शिकायत की थी, कि गांव के ही एक व्यक्ति ने ग्राम समाज की भूमि से अवैध रूप से मिट्टी खनन किया है। उपजिलाधिकारी ने इसकी जांच लेखपाल ऋतु सिंह से करवाई। लेखपाल ऋतु सिंह ने जांच में पाया कि जिसके खिलाफ शिकायत की गई है, उसने खसरा नम्बर 193 की भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन किया है। जांच में मामला सही पाए जाने पर लेखपाल ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर विजयपाल त्यागी निवासी गांव मोहम्मदपुर कदीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी की नहाते हुए वीडियो बनाकर दे रहा वायरल करने की धमकी, रिपोर्ट

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक गांव में कक्षा आठ की 13 वर्षीय छात्रा की बाथरूम में नहाते समय पड़ोसी द्वारा वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर छात्रा को ब्लैकमेल कर रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। भोजपुर थानान्तर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी 13 वर्षीय पुत्री कक्षा आठ की छात्रा है। आरोप है कि एक सप्ताह पहले



अपने घर में बाथरूम में छात्रा नहा रही थी। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने नहाते हुए छात्रा की वीडियो बना ली। आरोप है कि दो दिन पहले युवक ने किशोरी को वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। छात्रा ने यह बात अपने परिजनों को बताई। इसके बाद छात्रा के परिजनों ने भोजपुर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर लक्की के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

## युवक से ठगे 92 हजार

मोदीनगर,करंट क्राइम। एक युवक से टेलीग्राम पर टास्क पूरा करने की बात कहकर 92 हजार रुपए ठगने का मामला प्रकाश में आया है। साइबर ठगों ने युवक के खाते से पैसे ट्रांसफर किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर की ब्रहमपुरी कॉलोनी निवासी मुकुल शर्मा टेलीग्राम पर प्रीपेड पर टास्क खेल रहे थे। उन्होंने बताया कि टास्क पूरा करने पर मोटा ईनाम देने की बात कही गई थी। उन्होंने बताया कि इसी बीच टास्क पूरा करने की बात कहकर साइबर ठगों ने उनके बैंक खाते से 92600 रुपए ट्रांसफर कर लिए। मोबाइल पर मैसेज आने पर अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जेकेजी स्कूल में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविरआयोजित




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** विजयनगर स्थित जेकेजी इटरनेशनल स्कूल में 37 वीं उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गाजियाबाद के ग्रुप मुख्यालय के सहयोग से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 3 जून 2024 से शुरू हुए शिविर का समापन बुधवार 12 जून को होगा। शिविर का सोमवार को ग्रुप कमांडर सलभ श्रीवास्तव ने कमान अधिकारी 37 वीं वाहिनी कर्नल उमेश गारवाह, जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल ग्रुप के चेयरमैन जे.के. गौड़, सूबेदार मेजर निर्मल सिंह, पीआई स्टॉफ व सिविल स्टॉफ के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान एनसीसी के कैडेटस ने अनेक गतिविधियों द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रुप कमांडर सलभ श्रीवास्तव ने कहा कि एनसीसी का प्रमुख उददेश्य बच्चों व युवाओं में एकता और अनुशासन की मशाल जलाना है। एकता व अनुशासन के बल पर ही हम अपने समाज व देश को विकसित एवं मजबूत बना सकते हं। अभी वर्तमान में लगभग 3 लाख स्कूल और कॉलेज के युवा इस अद्भुत संगठन के माध्यम से राष्ट्र की सेवा में शामिल हैं और एकता और अनुशासन की मिसाल कायम कर रहे है। जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन जेके गौड़ ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य देश के युवाओं में चरित्र, साहचर्य, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्षता, निस्वार्थ सेवाभाव आदि गुणों



का संचार करना तथा सगठित, प्रशिक्षित युवाओं का ऐसा मानव संसाधन तैयार करना है जो विकट परिस्थितियों में प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान कर देश की सेवा के लिए तत्पर रहें। एनसीसी सर्टिफिकेट के फायदे बताते हुए स्कूल के चेयरमैन जे के गौड ने कहा कि अगर कोई तीनों सेनाओं में से किसी में भी अफसर या सिपाही बनना चाहता है तो एनसीसी का सर्टिफिकेट उसके बहुत काम आता है।

# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। पकड़ा गया युवक वाहन चोरी करने में महारत रखता है, और एक मिनट में वारदात को अंजाम दे देता है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि निवाड़ी पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक वाहन चोरी करने के लिए क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। इसी बीच बाइक सवार एक युवक को दबोच लिया। जब युवक की बाइक चेक की गई तो वह चोरी की निकली। बाइक जिला मेरठ के बहसुमा से चोरी की गई थी। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनिल कुमार निवासी गांव करनावल थाना सरूरपुर जिला मेरठ बताया।

# जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नि:शुल्क तकनीकी प्रशिक्षण संपन्न

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जेएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बीबीए,बीसीए,एवं बीटैक प्रथम वर्ष के छात्र- छात्राओं के लिए निशुल्क तकनीकि प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल के पर्यवेक्षण व निदेशक प्रो. डॉ. अनिरुद्ध विश्वास की देखरेख में यह कार्यक्रम किया गया। संस्थान के सचिव डॉ. हिमांशु सिंहल ने बताया कि बीबीए, बीसीए व बीटैक प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फंडामेंटल्स ऑफ कंप्यूटर, बीबीए एवं बीसीए द्वितीय वर्ष के लिए एम एस ऑफिस तथा बीटेक द्वितीय वर्ष के लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया गया। इन सभी कक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण जेड नेट कंप्यूटर एजुकेशन हापुड़ द्वारा दिया गया और प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संस्थान




के निदेशक डॉ. विश्वास ने बताया कि ऑन साइट वर्किंग की आवश्यकताओं व पाठ्यक्रम अध्ययन के अंतर को भरने में ये कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं, और लीविंग नो स्टोन अंटर्न की नीति के अनुसार, आवश्यकतानुसार ऐसे कार्यक्रम आगे भी कराए जाएंगे।

# एचआरआईटी में किया गया शूटिग बाल कोचिंग कोर्स का आयोजन

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** रविवार को मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी में शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग बाल कोचिंग कोर्स आयोजित किया गया। शूटि बाल कोचिंग में अलग अलग राज्यों से 48 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें 15 बालिका व 33 बालक थे। सभी सदस्यों को शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल व शूटिंग बाल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने सर्टिफिकेट व पहचान पत्र प्रदान किए। शूटिंग बॉल एसोसिएशन के महासचिव जीतराज तोमर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।




शूटिंग बॉल सर्टिफिकेट से इन्कम टैक्स विभाग में भारत सरकार की नौकरी में चयनित होने पर सिकरोड गांव की रहने वाली अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी तनु चौधरी को सभी ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शूटिंग बाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव रवीन्द्र सिंह तोमर, डॉक्टर ओ.पी.माचरा,जयप्रकाश व अतुल कुमार उपस्थित रहे।

# खून की एक-एक बूंद, जीवन का एक-एक पल, राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित : बीके शर्मा हनुमान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित महेश कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने कहा की मेरे खून की एक-एक बूंद, जीवन का एक-एक पल, राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित है 22 सितंबर 2024 को 108 समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित आरसी शर्मा ने कहा कि समाज की सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलनों को बढ़ावा देने एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के निवारण के लिए जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सीमा भार्गव, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी विजय कौशिक, राष्ट्रीय संयोजक अशोक भारतीय, राष्ट्रीय संयोजक



राहुल शर्मा,राष्ट्रीय प्रवक्ता सतीश भारद्वाज राष्ट्रीय सचिव योगेश दत्त गॉड, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकेश कौशिक, राष्ट्रीय महासचिव मनीष शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव रघुनंदन भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव सुभाष शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव संदीप शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव मनमोहन शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृजपाल शर्मा, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवाशीष ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलोकचंद शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल पंडित, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री मनोज शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिवानंद गॉड, राष्ट्रीय संगठन मंत्री शिवकुमार शर्मा, प्रदेश प्रभारी चेतन पंडित, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, संरक्षक महिला शक्ति प्रकोष्ठ डॉक्टर रेनू शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अरविंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रवक्ता महिला प्रकोष्ठ अल्पना सागर शर्मा, महानगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आशा शर्मा, नोएडा जिला अध्यक्ष नितिन शर्मा,गाजियाबाद जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष गाजियाबाद देव शर्मा, मौजूद थे।

# इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के शक्ति खंड एक में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी मनाई। साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता प्रकट की। नरेंद्र मोदी व भाजपा में पुनः विश्वास जताने पर देश की जनता का भाजपाइयों ने धन्यवाद किया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष अजय शुक्ला, पूर्व मण्डल अध्यक्ष नवनीत , उपाध्यक्ष संजीव शर्मा मित्तल, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, मीडिया प्रभारी किशोर ठाकुर, बिमला रावत, पूनम बंसल, अपर्णा मिश्रा, स्वाति शर्मा, आचार्य प्रकाश, टाटा आनंद, शबनम, माधवी चौबे, सुषमा रानी, सतीश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## विश्व कप की करारी हार के बाद नींद से जागे शहबाज

# पाक ने नतीजों के पांच दिन बाद दी पीएम को सत्ता में वापसी की बधाई



**इस्लामाबाद।** नौ जून का दिन भारत और भारतवासियों के लिए काफी ऐतिहासिक रहा। इस दिन लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के पद के लिए शपथ ली। ये भव्य शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था। इस दौरान पीएम मोदी के साथ-साथ कई कैबिनेट और राज्य मंत्रियों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। वहीं, दूसरी तरफ भारत ने टी20 वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तान को हरा दिया। इन सबके बीच पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को याद आ गया कि नरेंद्र मोदी को पीएम बनने की बधाई देनी हैं। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। हालांकि, शहबाज ने नतीजों के पांच दिन बाद सत्ता में वापसी की बधाई दी, जिस पर कई सवाल खड़े हो गए।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने कहा था कि पाकिस्तान भारत समेत अपने सभी पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण और सहयोगात्मक संबंध चाहता है। हम बातचीत के जरिए विवादों को सुलझाना चाहते हैं। बलोच से पूछा गया था कि क्या पाकिस्तान ने प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी है? इसपर उन्होंने कहा था, 'भारत के लोगों को अधिकार है कि वे किसे अपना नेता चुनते हैं। हमें उनकी चुनावी प्रक्रिया पर कोई बात नहीं करनी है। अभी नई सरकार ने आधिकारिक तौर पर शपथ नहीं ली है। इसलिए भारतीय प्रधानमंत्री को बधाई देने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी।'

### 2024 का लुक रहा खास

गौरतलब है, शपथ ग्रहण के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के बाद दूसरे नंबर पर राजनाथ सिंह ने शपथ ली। इसके बाद अमित शाह, गडकरी और शिवराज सिंह चौहान समेत कुल 30 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। वैसे तो समारोह में होने वाले मंत्रीगण से लेकर सभी पारंपरिक परिधानों में दिखाई दे रहे थे, लेकिन हर किसी की नजर पीएम मोदी पर भी। दरअसल, पीएम मोदी का इस बार का लुक पिछले दो बार के लुक से काफी अलग था। आइए आपको बताते हैं कि उनका लुक अलग क्यों था? पीएम मोदी हर समारोह के लिए खास कपड़ों का चुनाव करते हैं। चाहे स्वतंत्रता दिवस के दिन उनकी पगड़ी का रंग हो या फिर केदारनाथ में पारंपरिक परिधान पहनना हो, वो हमेशा जगह के हिसाब से ही अपने कपड़े चुनते हैं।

# सीमा हैदर के बच्चों को वापस लाने की मांग, पाकिस्तान के बाल अधिकार निकाय ने शहबाज सरकार से लगाई गुहार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बाल अधिकार निकाय ने सीमा हैदर के चार बच्चों को तत्काल वापस लाने की मांग की है। इसको लेकर निकाय ने देश के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है। सीमा अपने प्रेमी सचिन मीणा से शादी करने के लिए चार बच्चों के साथ नेपाल के रास्ते भारत आई थी। मीडिया रिपोर्ट में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

**पबजी मोबाइल के जरिए हुई दोस्ती :** एआरवाई न्यूज की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग (एनसीआरसी) ने सीमा हैदर के बच्चों की सुरक्षित वापसी की मांग की है। सीमा (27 वर्षीय) का पति गुलाम हैदर अभी पाकिस्तान में है। सीमा ने सचिन से शादी करने के लिए चार बच्चों के साथ भारत में प्रवेश किया था। उनकी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म पबजी मोबाइल के जरिए दोस्ती हुई थी।

**सीमा-सचिन को भेजा गया था जेल :** सीमा पिछले साल मई में नेपाल के रास्ते सचिन के साथ अवैध रूप से भारत में आई थी।

इसके बाद दोनों ग्रेटर नोएडा में साथ रहने लगे। हालांकि, सीमा को 4 जुलाई 2023 को बिना वीजा के भारत में प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया था। जबकि सचिन को अवैध अप्रवासियों को शरण देने के लिए सलाखों के पीछे रखा गया था। बाद में दोनों को रिहा कर दिया गया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने पहले कहा था कि मामले की जांच चल रही है। सीमा को अदालत के सामने पेश किया गया था, जहां से उसे जमानत दे दी गई थी।

# राष्ट्रपति मैक्रों ने अचानक भंग की संसद, 30 जून को चुनाव का एलान

**मैक्रों ने फ्रांसीसी लोगों की सर्वोत्तम विकल्प चुनने की क्षमता पर विश्वास भी जताया।**



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को संसद भंग करने की घोषणा की। उन्होंने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा, निचले सदन नेशनल असेंबली के लिए पहले दौर के चुनाव 30 जून को होंगे, जबकि दूसरे दौर के चुनाव 7 जुलाई को होंगे।

बता दें कि यूरोपीय संघ के चुनाव में दक्षिणपंथी दलों ने मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन को परास्त कर दिया है, जिसके बाद मैक्रों ने अचानक संसद भंग करने का फैसला किया। मैक्रों ने यह भी माना कि यूरोपीय संघ के चुनावों का परिणाम, यूरोप की रक्षा करने वाली पार्टियों के लिए अच्छा नहीं है।

**मैक्रों ने फ्रांसीसी लोगों पर जताया विश्वास :** राष्ट्र के नाम संबोधन में मैक्रों ने कहा, यूरोपीय संघ चुनावों में शीर्ष स्कोरिंग नेशनल रैली (आरएन) सहित दूर-दराज की पार्टियां लगभग 40 फीसदी वोट हासिल करने में सफल रही हैं। दक्षिणपंथी पार्टियां महाद्वीप में हर जगह प्रगति कर रही हैं। इस स्थिति से मैं खुद को नहीं जोड़ सकता। इसलिए मैंने आपको विकल्प देने का निर्णय लिया है। मैं आज रात राष्ट्रीय असेंबली को भंग कर दूंगा। उन्होंने फ्रांसीसी लोगों की सर्वोत्तम विकल्प चुनने की क्षमता पर विश्वास भी जताया।

**मैक्रों ने चुनाव से पहले दी थी चेतावनी :** मैक्रों ने बीते गुरुवार को चेतावनी दी थी कि इस सप्ताह के चुनावों के बाद यूरोपीय संसद में बढ़ी दक्षिणपंथी उपस्थिति के कारण यूरोपीय संघ को अवरुद्ध होने का खतरा है।

कई मतदान फर्मों के अनुमानों के अनुसार, यूरोपीय संघ चुनावों में 28 वर्षीय जॉर्डन के नेतृत्व वाली नेशनल रैली को 32.3 से 33% वोट मिले, जबकि मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन को 14.8 से 15.2% वोट मिले हैं।

# न्यूयॉर्क में बच्चों के लिए सोशल मीडिया एल्गोरिदम पर पाबंदी



**वाशिंगटन।** राज्य विधानमंडल ने एक विधेयक पास किया, जिसके तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एल्गोरिदम का इस्तेमाल कर नाबालिगों की लत वाली सामग्री नहीं परोस पाएंगे। इस एल्गोरिदम के जरिये यूजर पसंदीदा पोस्ट, वीडियो के आधार पर अधिक सामग्री पाता था, ताकि वह लंबे वक्त तक एप पर बना रहें। लेकिन अब कंपनियों की मर्जी से ऐसा नहीं होगा।

बिल पर गवर्नर कैथी होचुल के दस्तखत के साथ ही इसकी कानूनी मंजूरी सोशल मीडिया के इस्तेमाल के तरीके को मौलिक तौर से बदल सकता है। इस कानून का मकसद सोशल मीडिया कंपनियों को नाबालिगों को स्वचालित फीड परोसने और उन्हें इन प्लेटफॉर्म पर बहुत अधिक वक्त बिताने से रोकना है। इसे न्यूयॉर्क विधानमंडल में दो दर्जन से अधिक राज्य सीनेटरों का द्विदलीय समर्थन मिला है।

अमेरिका में बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने से संबंधित कानून राज्य और संघ दोनों जगह लोकप्रिय हैं। संघीय स्तर पर, किड्स ऑनलाइन सुरक्षा अधिनियम सोशल मीडिया कंपनियों को बच्चों को नुकसानदायक सामग्री की सिफारिश करने पर उत्तरदायी ठहराने का रास्ता खोलता था। न्यूयॉर्क सीनेट के दो बिल राज्य सीनेटर एंड्र्यू गौनार्डेस ने पेश किए है। इनमें से एक न्यूयॉर्क चाइल्ड डाटा प्रोटेक्शन एक्ट है, यह कानून ऑनलाइन साइट्स को 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति का निजी डाटा जुटाने, इस्तेमाल-साझा करने और बेचने से रोकता है। वहीं, दूसरा बिल सुरक्षित है। इसे कानून में बदलने पर चुनौतियां पेश आ सकती हैं।

# भारत दुनियाभर में लोकतंत्र का वाहक बनकर उभरा : अतुल केशप



**वाशिंगटन।** अमेरिका भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने एक बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि जब दुनियाभर में राजनीतिक, आर्थिक अस्थिरता का माहौल है और भू-रणनीतिक अस्थिरता लगातार बढ़ रही है, ऐसे समय में नरेंद्र मोदी का लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालना बेहद अहम है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने रविवार शाम में तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ली। गौरतलब है कि आज दुनियाभर में तनाव का माहौल है। दुनिया दो युद्धों रूस-यूक्रेन और इस्राइल-हमास से जूझ रही है। वैश्विक स्तर पर अलगाववाद, कट्टरपंथ बढ़ा है। वहीं आर्थिक मोर्चे पर भी पूरी दुनिया को चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे मुश्किल हालात में भारत की विकास यात्रा पूरी दुनिया के लिए आशा की किरण है और अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने इसी संदर्भ में उक्त बयान दिया है।

केशप ने कहा कि 'भारतीय मतदाताओं ने मोदी सरकार की विकासपरक नीतियों में विश्वास जताया है। भारत, दुनियाभर में लोकतंत्र, समृद्धि और तकनीकी अविष्कार के क्षेत्र में का प्रमुख वाहक बनकर उभरा है। यह अमेरिका का प्रमुख सहयोगी भी है।' पॉल हेस्टिंग्स लॉ फर्म में साझीदार और प्रमुख वकील रौनक डी देसाई ने कहा कि पीएम मोदी का लगातार तीसरा कार्यकाल इस बात का संकेत है कि भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध मजबूत बने रहेंगे।

**भारत-अमेरिका में सहयोग और मजबूत होगा :** उन्होंने कहा कि दोनों देशों लगभग हर क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं और यह दोनों के बीच आपसी सहयोग, विकास और समृद्धि की आपसी समझ को दर्शाता है।

## नेपाल के पीएम पुष्प कमल ने प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई



**नेपाल।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए शुभकामनाएं दी। नेपाली पीएम ने लिखा कि 'मैंने भारत के प्रधानमंत्री को लगातार तीसरे कार्यकाल की बधाई दी। हमने नेपाल और भारत के संबंधों को मजबूत करने के संबंध में चर्चा की। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारे भारत के साथ संबंध और मजबूत और समृद्ध होंगे।'

# यूक्रेन की सेना ने रूस में घुसकर किया हमला



**रूस के नवीनतम पीढ़ी के लड़ाकू जेट को मार गिराया**

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध जारी है। इस बीच कीव की रक्षा खुफिया एजेंसी ने बताया कि उन्होंने रूस के अंदर नवीनतम पीढ़ी के एक रूसी लड़ाकू जेट को तबाह कर दिया है। बता दें, दोनों देशों के बीच फरवरी 2022 से युद्ध जारी है। दोनों देश एक-दूसरे पर मिसाइलों और ड्रोन के साथ हमला करते रहते हैं।

खुफिया एजेंसी के अनुसार, उन्होंने पहली बार रूस के अंदर एक एयरबेस पर रूसी एसयू-57 लड़ाकू जेट को निशाना बनाया है। रविवार को सोशल मीडिया एजेंसी ने उन्होंने कैसे रूसी जेट को मारा गिराया और यूक्रेनी सेना की किस इकाई ने यह कार्रवाई की है। विमान अख्तुबिंस्क एयरफील्ड में खड़ा था, यह जगह यूक्रेनी और रूसी आक्रमण बलों के बीच फ्रंट लाइन से 589 किमी (366 मील) दूर था। 7 जून को, र४-57 सही सलामत खड़ा था, और आठ जून को विस्फोट से गड्ढे और आग से हुए नुकसान के कारण आग के विशिष्ट धब्बे थे। उन्होंने दोनों तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की।

### रूसी सैन्य ब्लॉगर ने की पुष्टि

इसके अलावा, एक रूसी युद्ध समर्थक सैन्य ब्लॉगर ने हमले की पुष्टि की। उसका कहना है कि एसयू-57 पर हमले की रिपोर्ट सही है। इसे एक ड्रोन द्वारा मारा गया था। रूसी ब्लॉगर ने कहा कि जेट फाइटर को छर्रे लगे थे। नुकसान का आकलन किया जा रहा है। विमान की मरम्मत की जा सकती है या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। अगर विमान की मरम्मत नहीं हो पाई तो यह एसयू-57 का पहला युद्ध नुकसान होगा।

### रूस-यूक्रेन युद्ध कैसे शुरू हुआ था?

23 फरवरी 2022 की रात रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ सैन्य ऑपरेशन का एलान किया। चंद घंटे बाद यानी 24 फरवरी की तड़के सुबह अचानक यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के शहरों में हवाई हमले होने लगे। रूस के इस हमले से पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। उधर यूक्रेन ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू की।

युद्ध के शुरू होने के साथ शुरू हो गया दुनिया का दो धड़ों में बंटना। यूक्रेन का साथ देने के लिए नाटो सदस्य देश खड़े हो गए तो अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस समेत कई देशों ने युद्ध से बाहर रहते हुए इसको मदद पहुंचानी शुरू कर दी। दूसरी ओर चीन, दक्षिण कोरिया, ईरान जैसे देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूस के साथ खड़े हैं। भारत की बात करें तो इसने किसी का पक्ष नहीं लिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत सार्वजनिक रूप से इस युद्ध की समाप्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

# कनाडा के खुफिया प्रमुख ने दो बार भारत का गुपचुप दौरा किया, निज्जर हत्याकांड की जानकारी साझा की



**कनाडा।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। संबंधों में तनाव के बीच, कनाडा की खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड विग्नॉल्ट ने इस साल फरवरी और मार्च में दो बार गुपचुप तरीके से भारत का दौरा किया। डेविड की इन यात्राओं का उद्देश्य भारतीय अधिकारियों को निज्जर की हत्या से संबंधित मामले से अवगत कराना था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया एजेंसी प्रमुख ने निज्जर हत्याकांड में ओटावा की जांच के दौरान सामने आई जानकारी को भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किया। हालांकि, कनाडा के अधिकारियों ने ये जानकारी साझा करने से इन्कार कर दिया कि विग्नॉल्ट की भारत यात्रा के दौरान अधिकारियों से क्या बातचीत हुई।

कनाडा के एक अधिकारी ने कहा, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि सीएसआईएस के निदेशक डेविड विग्नॉल्ट भारत आए, लेकिन भारतीय अधिकारियों के साथ बंद कमरे में हुई बैठकों के दौरान उनकी क्या बात हुई, इस पर हम टिप्पणी नहीं कर सकते। कहा कि जब से कनाडा को विश्वनीय आरोपों के बारे में पता चला है, तब से निज्जर हत्याकांड की सभी संभव जानकारी कई माध्यमों से भारत को उपलब्ध कराई है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री ने भी सार्वजनिक रिकॉर्ड पर इस बात का उल्लेख किया है।

### 18 जून 2023 को हुई थी निज्जर की हत्या

बता दें कि 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# अदन की खाड़ी में नहीं थम रहे हमले

## हूती विद्रोहियों ने 24 घंटे में दो जहाजों को बनाया निशाना



**वाशिंगटन।** इस्राइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद यमन के हूती विद्रोही जहाजों को निशाना बना रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई देश खुले शब्दों में चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन हूती अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। एक बार फिर विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में मिसाइल हमले कर दो वाणिज्यिक जहाजों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री नौवहन के खिलाफ मिलिशिया समूह के चल रहे अभियान के तहत पिछले 24 घंटों में दो जहाजों को निशाना बनाया है। जिन जहाजों को निशाना बनाया गया उनमें से एक का नाम तव्विशी था। स्विस के स्वामित्व वाले जहाज पर लाइबेरियाई झंडा लगा था। इस जहाज पर एंटी शिप बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया गया था। हालांकि, शुक्र रहा कि चालक दल को कोई चोट नहीं आई।

सेंटकॉम के अनुसार, हूती विद्रोहियों द्वारा दागी गई दो मिसाइलें जर्मन स्वामित्व वाले मालवाहक जहाज नोर्डनी पर गिरीं। इस पर एंटीगुआ और बारबाडोस के झंडे लगे हुए थे। सेंटकॉम ने कहा कि जहाज को नुकसान पहुंचा। मगर चालक दल का कोई सदस्य घायल नहीं हुआ। इससे पहले हूतियों ने दावा किया था कि उन्होंने नोर्डनी और तव्विशी पर हमला किया और बाद में आग के हवाले कर दिया था।

### अमेरिका को बना रहा निशाना

बता दें, गाजा में हो रहे इस्राइल हमलों से मध्यपूर्व बौखलाया हुआ है। मध्यपूर्व गाजा में हो रहे हमलों का कारण अमेरिका को मानता है।

# गाजा में इस्राइल की कार्रवाई : एक दिन में 274 फलस्तीनियों की मौत







## हमलों के खिलाफ नाराजगी, दुनियाभर में प्रदर्शन

**वाशिंगटन/काहिरा।** गाजा पर बड़ी कार्रवाई के तहत इस्राइली हमलों में 274 फलस्तीनियों के कत्ले-आम व 700 से ज्यादा को बुरी तरह जख्मी करने के बाद रविवार को पूरी दुनिया में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हमास व हिजबुल्ला समर्थकों ने जहां व्हाइट हाउस के पास इस्राइल विरोधी प्रदर्शन किए वहीं मिस्र, ईरान, इराक, कतर और लेबनान में भी उग्र प्रदर्शन हुए। अमेरिका में प्रदर्शनकारियों ने बाइडन का विरोध किया।

व्हाइट हाउस के पास फलस्तीन समर्थकों ने इस्राइल के खिलाफ ह्यजिहादह्ल का आह्वान किया और गाजा में हमास के खिलाफ इस्राइली जंग में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ देने पर गुस्सा जताया। प्रदर्शनकारी एक लंबे बैनर पर गाजा की जंग में मारे गए फलस्तीनियों के नाम लिखे हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने लाल कपड़े पहनकर फलस्तीनी झंडे उठाए हुए थे। बैनरों पर लिखा था, ह्यबाइडन की लाल रेखा झूठ थीह्ल, ह्यबच्चों पर बमबारी आत्मरक्षा नहींह्ल। उधर, मिस्र में हजारों लोग फलस्तीनियों के समर्थन में उतरे।








**शर्मनाक देशों की सूची में इस्राइल भी शामिल :** विश्व निकाय ने शर्मनाक देशों व संगठनों की सूची में इस्राइल और हमास को भी शामिल कर लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने यह कार्रवाई इस्राइली सेना द्वारा गाजा में बाल विरोधी कार्रवाई, मानवाधिकारों के उल्लंघन के चलते की है।

इस्राइल पहली बार सूची में शामिल हुआ है। सूची में रूस, अफगानिस्तान, इराक, म्यांमार, सोमालिया, यमन, सीरिया, आतंकी संगठन आईएस, अल-कायदा और बोको हराम भी शामिल हैं। इस्राइल ने इस कालीसूची को शर्मनाक बताया है।

### इस्राइल के मंत्री गैंट्ज का नेतन्याहू सरकार से इस्तीफा



इस्राइल के तीन सदस्यीय युद्ध मंत्रिमंडल के मध्यमार्गी सदस्य बेनी गैंट्ज ने रविवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। हालांकि बेंजामिन नेतन्याहू को तत्काल कोई खतरा नहीं है, जो अभी भी संसद में बहुमत वाले गठबंधन को नियंत्रित करते हैं। लेकिन इस्राइली नेता अब अपने अन्य सहयोगियों पर अधिक निर्भर हो गए हैं। पूर्व सैन्य प्रमुख गैंट्ज 7 अक्तूबर को हमास के हमले के तुरंत बाद नेतन्याहू की सरकार में शामिल हो गए थे।

## उत्पीड़न के खिलाफ लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष

# डॉ. अतुल जैन ने दिया जीएसटी अपर आयुक्त को ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी विभाग के सचल दल द्वारा वाहनों की जांच के नाम पर व्यापारियों के होने वाले उत्पीड़न के खिलाफ जीएसटी विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड वन दिनेश कुमार मिश्रा से मुलाकात करके एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का हवाला देते हुए कहा गया है कि वह अपने विभाग के अधीनस्थ कर्मचारियों और अधिकारियों द्वारा लिपिकीय और तकनीकी छोटी-छोटी गलतियों के नाम पर टैक्स और पेनल्टी जमा करने का दबाव न बनाएं और इस तरह के वाहनों को जांच के नाम पर मोहननगर ले जाकर बंद ना करें साथ ही व्यावहारिक पहलुओं का भी विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ.अतुल कुमार जैन ने कहा कि कर चोरी का यदि आशय नहीं होता है तो उसमें व्यापारियों को विभाग की ओर से सहयोग मिलना चाहिए।

अपर आयुक्त जीएसटी दिनेश कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। लोहा व्यापारियों ने एक पक्षीय निर्णय द्वारा किए जा रहे कर आरोपण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई उसके लिए भी अपर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि उनको सूची उपलब्ध हो जाए तो व्यापारी के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में अतुल कुमार जैन, जयकुमार गुप्ता, अंबरीश जैन बंटू, सतीश बंसल, मोहनलाल अग्रवाल, महेश कुमार गुप्ता, अनुराग अग्रवाल और नरेश गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहे।

# लोगों के काम नहीं हुए तो भाजपा सांसद को चैन से नहीं बैठने देंगे: डॉली शर्मा

### जनता ने हमारी जिम्मेदारी बढ़ा दी है, हम उनके मुद्दों पर संघर्ष करते रहेंगे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत काफी नीचे रहा है जबकि कांग्रेस का बढ़ा है। हमें औसतन अच्छे वोट मिले हैं इसलिए हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम आने वाले समय में उन लोगों को भी अपने साथ जोड़ेंगे जिन्होंने अब तक हमें या हमारी पार्टी को वोट नहीं दिया है। डॉली शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों ने मुझ पर, मेरी पार्टी पर और मेरे गठबंधन सहयोगियों पर जो अभूतपूर्व विश्वास प्रकट किया है और एकमुश्त 5 लाख 17 हजार 205 वोट दिये हैं उसके लिए हम उनके आभारी हैं। इसके लिए सभी लोगों को बधाई देती हूं। उन्होंने कटाक्ष भरे लहजे में कहा कि कोरोना महामारी के वक्त तत्कालीन स्वास्थ्य राज्यमंत्री अतुल गर्ग की जो उदासीन भूमिका सामने आई थी, वैसा अब हम कतई नहीं होने देंगे। गाजियाबाद के लोगों के काम उन्हें करने पड़ेंगे, अन्यथा हम कांग्रेसजन और हमारे गठबंधन सहयोगी दलों के नेता-कार्यकर्ता उन्हें चैन से नहीं बैठने देंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, प्रदेश कांग्रेस के सचिव विशाल वशिष्ठ, पूर्व एमएलसी हरेन्द्र अग्रवाल, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव डॉ. संजीव शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जे के गौड़, महिला महानगर अध्यक्ष सोनल नागर, महानगर कांग्रेस के सचिव नसीम खान, महानगर ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष विजयपाल चौधरी, अमित यादव, कपिल यादव बम्हैटा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमोल वशिष्ठ, महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष सैय्यद वली हसन, हुमायूं मिर्जा, कमलेश पाठक आदि उपस्थित रहे।

### जनहित के कार्य कराने को हमारी जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है: डॉली शर्मा

**करंट क्राइम।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉली शर्मा ने कहा कि इस बार मुझे 35 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त हुआ है, जबकि पिछली बार महज 7 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त हुआ था। इससे हमारी जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ गई है, क्योंकि यह एक लंबी छलांग है। इसकी स्पष्ट वजह यह है कि चुनाव में हार के बावजूद भी मैं यहां के लोगों से जुड़ी रही। सदैव उनके सुख-दु:ख में शामिल रही। कोरोना त्रासदी, बाढ़ आपदा से लेकर जलभराव तक के मुद्दे पर जनहित में संघर्ष किया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। कांग्रेस नेत्री ने भाजपा सांसद अतुल गर्ग को बधाई देते हुए कहा कि यहां के लोगों ने फूल के नाम पर आपको वोट किया है, इसलिए इस बार हम लोग आपको चैन से बैठने नहीं देंगे और जनता के काम करवाने के लिए आगाह करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दे पर यानी स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा आदि के मुद्दे पर हम लोग विपक्ष के तौर पर मुस्तैदी पूर्वक आपसे कार्य करवाएंगे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं दिल्ली वाले बड़े घर की बात? यहां पर इन्दिरापुरम वाले सिंह मैम्बर बधाई देने के लिए पहुंचे थे साहब? जैसे ही इन्हें हुए यहां पर अपनी ही वार्ड की महिला नेता के दर्शन? उन्हें देखकर ये हो गये बहुत ज्यादा हैरान? इन्होंने उनसे कर दिया सवाल? आप यहां पर कैसे पेश कर रहे हैं मिसाल? तपककर सामने से आया सवाल? मैडम ने कहा जिस तरह से आप यहां पर आये हैं उस तरह से हम भी आये हैं भाईसाहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप रखना इस बात पर नजर? अब पहलवान और पहलवान के दोस्त हर उस जगह बधाई देने पहुंचेंगे जहां पर की गई सांसदों को मंत्री बनाने की फिक्र ? ये दोनों दोस्त बधाई के रास्ते मजबूत करेंगे अपनी दावेदारी की दांस्ता? रोजाना बधाइंर्या देकर ये आसान करेंगे विधानसभा का रास्ता?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको बताना चाहता हूं गर्ग साहब के एक खास की बात? ये खास बिरादरी वाले चेहरे गर्ग साहब को मंत्री मंडल में देखना चाहते थे साहब? इन चेहरों को मिला था शपथ ग्रहण में जाने का पास? मगर गर्ग साहब के मंत्री नहीं बनने की लग गई थी इनको जानकारी? इसलिए अपने पास, पास होते हुए इन्होंने करा लिया शपथ ग्रहण वाले दिन दूरियों का अहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बता रहा हूं अंदर की बात? हैंडपम्प वाले टीटू भैया के दिल में जल रही है शहर विधानसभा से चुनाव लड़ने की आग? सुना है इन्होंने अपने दिल के अरमान प्रकट करने के लिए चौधरी साहब से मिलने की कर ली है तैयारी? ये चाहते हैं इस बार गठबंधन का धर्म निभाते हुए टिकट हो जाये हैंडपम्प वालों को जारी? इन्होंने अपने अरमानों की पूरी स्क्रिप्ट कर ली है तैयार? इसलिए स्क्रिप्ट के आधार पर माना जा सकता है शहर विधानसभा का दावेदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था विधायकों के खेमे के नजदीक? वहां पर कुछ समर्थकों के शब्द कर रहे थे जनरली साहब के लिए बोले गये शब्दों की तस्दीक? कहने वाले कह रहे थे कि काउंटिंग से लेकर शपथ ग्रहण तक नहीं हुए हैं गाजियाबाद में साहब के दीदार? क्या साहब अब गाजियाबाद में अपनी सक्रियता को बरकरार रखेंगे या फिर अब उनके होंगे और धीरे-धीरे से कभी कभार दीदार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के हैवीवेट वालों के खास? पूरे पवन की ताकत से रेडी-स्टेडी-गो करके एक पूर्व मैम्बर बिखेर रहे हें अपने जज्बात? कह रहे हैं कि पिछले 35 सालों से मैंने कभी प्रकट नहीं किये थे टिकट को लेकर जज्बात? मगर जब हमने जज्बात प्रकट किये तब टिकट हीं नहीं आया हमारे पास? रह-रह कर हमें सताती है अब ये बात? आप ही बताओं दर्द-ए-दिल का अपना फसाना लेकर जाएं हम अब किसके पास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के इन्दिराजी पुरम वाले इलाके के एक पार्षद ने जनता के सामने कर दिया है बड़ा फरमान जारी? जनता को आये टैक्स के नोटिस पर उन्होंने उठा लिया है तीर? इस तीर से वो निगम वालों को घाव देना चाहते हैं गंभीर? उन्होंने जनता को टैक्स नहीं भरने के लिए संदेश दे दिया है स्पष्ट? कह दिया है तब तक टैक्स मत भरना? जब तक हमारे इलाके को टेकओवर करने के लिए नहीं होती हैं तिथियां स्पष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा सरदार का अंदाज रहता है जोरदार? बात सांसद बनने की हो, विधायक बनने की हो या अध्यक्ष बनने की? वो दावेदारी के साथ हमेशा रहते है तैयार? सुना है अब उन्होंने नदिया पार से इधर आकर शहर विधानसभा सीट से भी ठोक दी है दावेदारी? कह रहे हैं कि पार्टी ने इस बार सांसद के लिए नहीं दिया किसी ठाकुर चेहरे को टिकट? इस बार जरूर होगा हमारी बिरादरी को टिकट जारी? इसलिए वरिष्ठता के आधार पर बिरादरी कोटे पर सबसे मजबूत है हमारी विधानसभा वाली दावेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी विधानसभा में अब फिर से दिखाई देने वाले है क्रान्तिकारी तेवर? हमने देखा बहुत दिनों बाद क्षेत्र के एक बड़े जाट नेता ने तोड़ दी है वीडियो बनाकर अपनी खामोशी? जिसमें वो एक जनप्रतिनिधि को करते हुए नहीं दिख रहे है फेवर? कहने वाले ने कहा बहुत दिनों बाद अब होगा गर्मी में गर्मी का एहसास? टूटी है बहुत दिनों बाद यहां पर खामोशी? अभी तो दिखाई देने हैं शब्दों के काफी वज्रपात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें पता है गाजियाबाद के पूर्व मंत्री सोशल मीडिया पर आकर बात करते हैं गंभीर? बड़े ही तीखे होते हैं उनके शब्दों के तीर? जनरली साहब को लेकर उन्होंने अपने तीखें शब्दों को नहीं दिया था विराम? हम देख रहे हैं कि गाजियाबाद में इस वक्त एक बड़ा मुद्दा है अधिकारियों के खिलाफ, भाजपा ने ही छेड़ा हुआ है इस पर वो क्यों खामोश हैं श्रीमान? ऐसी परिस्थिति में काफी मायने रखती है उनकी राय? या फिर साहब की विदाई के बाद वो जनप्रतिनिधियों के लिए कुछ बोलने पर कर चुके हैं अपने शब्दों को बॉय बॉय?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# निगम के निरंतर चल रहे अभियान, जागरूक हो रहा शहर

## शहर की सफाई में ग्रहणियों की अहम भागीदारी, स्वच्छता सभी की है जिम्मेदारी : नगर आयुक्त







**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के प्रयास और उनके निर्देश पर निगम द्वारा कचरा पृथक्करण को लेकर प्रतिदिन शहर वासियों को जागरूक किया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन की टीम भी अभियान के रूप में आंतरिक वार्डों में जाकर प्रतिदिन शहर के निवासियों को कचरा पृथक्करण के लिए जागरुक कर रही हैं, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों में भी चार प्रकार के कंपार्टमेंट लगे हुए हैं जिनके लिए एसबीएम टीम जन-जन को जागरुक करते हुए अलग-अलग कंपार्टमेंट में ही कचरे के प्रकार के क्रम में कचरा डलवाती है साथ ही घरों के अंदर भी गीला कचरा अलग तथा सूखा कचरा अलग करने के लिए अपील की जा रही है जिसमें गाजियाबाद नगर निगम सफल होता दिखाई दे रहा है शहर के पांचो जोन में अधिकांश घरों में गीला कचरा अलग तथा सूखा कचरा अलग रखा जा रहा है जो की सराहनीय है जनप्रतिनिधियों का विशेष सहयोग निगम को मिल रहा है' गाजियाबाद नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर वार्ड संख्या 45 करेड़ा मोहन नगर जो अंतर्गत कई कुशल ग्रहणियों द्वारा अपने घरों पर फूलों से एकत्र होने वाले वेस्ट से धूप बत्ती बनाने का कार्य भी घर के अंदर ही किया जा रहा है जो की अन्य शहर वासियों के लिए प्रेरणादायक विषय है, वार्ड संख्या 67 कवि नगर जोन अंतर्गत कुशल ग्रहणियों द्वारा वेस्ट से वेस्ट की मुहिम को आगे बढ़ते हुए घर के कचरे का इस्तेमाल करते हुए घर की उपयोगी वस्तुएं बनाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें कई कुशल ग्रहणियों द्वारा वेस्ट से हैंगिंग बॉस्केट बनाने का कार्य किया गया है जिससे अन्य कुशल ग्रहणियों को भी वेस्ट से बेस्ट की तरफ जागरूक किया जा रहा है, इसी क्रम में शहर की ग्रहणियों द्वारा अपने-अपने घरों में डस्टबिन भी अलग रखे जा रहे हैं तथा वेस्ट सूखे कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाने का कार्य किया जाता है जिसमें पेंसिल के स्टैंड, नाइट लैंप, हैंगिंग बॉस्केट, कपड़े की थैली बना रहे हैं, इस प्रकार गाजियाबाद नगर निगम के स्वच्छता के कार्य में ग्रहणियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम द्वारा रोको टोको अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें रेड स्पॉट के लिए जन-जन को जागरूक किया जा रहा है गुटखा खाकर कहीं भी ना थूकने, तथा रेड स्पॉट ना बने के लिए अपील की जा रही है, इसी प्रकार क्लीन टॉयलेट का अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें राहगिरियों को कहीं भी खुले में शौचालय न करने की अपील की जाती है तथा शौचालय का उपयोग करने के लिए कहा जा रहा है, गाजियाबाद नगर निगम द्वारा कई अभियान जन जन को जागरुक कर रहे हैं जिसे प्रेरित होकर शहर वासी शहर की स्वच्छता में सहयोग करने के लिए आगे आ रहे हैं कुशल ग्रहणियों का शहर की स्वच्छता में महत्वपूर्ण भूमिका को देखा जा रहा है जोकि सराहनीय है'

# सिंचाई व पेयजल के घटते स्तर को लेकर अपर नगर आयुक्त को दिया पत्र



**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** इंडस्ट्रीज एंड ट्रेडर्स वैलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने महापौर व नगर आयुक्त को संबोधित पत्र अपर नगर आयुक्त को देकर निगम क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई कार्य में आने वाले पानी की अत्यधिक कमी से अवगत कराया है। पत्र में एसोसिएशन के चेयरमैन महेश कुमार आहूजा ने कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में पेयजल व सिंचाई के कार्य में आने वाले जल की बहुत ज्यादा कमी हो गई है, जिसके कारण पानी की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। हिंडन नदी के आसपास की झीलों पर कब्जे होते जा रहे हैं। डूब क्षेत्र में हज हाऊस व अन्य बस्तियां बस गई हैं। महानगर के आसपास के गांवों में तालाब पाट दिये गये हैं।

साऊथ ऑफ जी०टी० रोड के हाइवे के किनारे जहां गढ्ढों में पानी भरा होता था, वह सब पाट दिए गए हैं। पत्र में महेश कुमार आहूजा ने कहा है कि उन्होंने तथा अखिल भारतीय सर्वदलीय गोरक्षा महाभियान समिति के सदस्य वर्ष2016 व 2018 निरंतर जिलाधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र के माध्यम से इस आने वाले संकट के बारे में अवगत कराते रहे हैं लेकिन आज तक न तो कोई सनवाई हुई और ना हमारे पत्र का जबाब ही मिला। पत्र में चिंता व्यक्त की गई है कि शहर में लगभग 30 हजार फैक्ट्री, 5 हजार होटल, रेस्टॉरेन्ट, मैरिज होम व लाखों कोठियां और घर हैं।

### सबमर्सिबल पंपों पर वाटर फ्लो मीटर लगाए जाएं

**करंट क्राइम।** सरकार की तरफ से पानी उपलब्ध ना कराने के कारण लगभग सभी ने सबमर्सिबल पम्प लगाये हुए हैं। केवल 100 लोगों को नियमानुसार चलने पर पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सकता। उसके लिए जागरूकता की आवश्यकता है। पत्र में माग की गई है कि जिन लोगों ने सबमर्सिबल पम्प लगाये हुए हैं, उनके सबमर्सिबल पम्प पर वाटर फ्लो मीटर लगाना अनिवार्य किया जाए ताकि पता लग सके कौन व्यक्ति कितना जल दोहन कर रहा है और जो व्यक्ति जरूरत से ज्यादा जल दोहन करे, उससे जल कर लिया जाए और फिर भी ना माने तो सख्त कार्रवाई की जाये। इसके अलावा तालाबों व झीलों से कब्जे हटाए जाएं, डूब क्षेत्र में किए गए कब्जों को हटाया जाए। जो डूब क्षेत्र में हज हाऊस बना है, इसको कहीं और स्थानांतरित किया जाए।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को दीं शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजनगर के मंडल अध्यक्ष एडवोकेड ओमदत्त कौशिक ने बूथ संख्या 245 संजय नगर पर भाजपा के पक्ष में अच्छे मतदान के लिए महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें बुके भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

# पार्षद रवि भाटी ने किया क्षेत्र की गलियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन



**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वार्ड 37 शालीमार गार्डन के विक्रम एन्क्लेव एक्सटेंशन की गलियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन पार्षद रवि भाटी ने नारियल फोड़कर किया। एडवोकेट सरदार सिंह भाटी ने बताया कि यह गलियां काफी नीचे पड़ गई थीं जगह जगह गड्ढे हो गए थे अब इन गलियों के बनने से यहा के स्थानीय निवासियों को धूल मिट्टी से राहत मिलेगी। पार्षद रवि भाटी ने बताया कि इस रोड का निर्माण कार्य 20 लाख की लागत से होगा जिसमें यह सड़क आरसीसी की बनेगी जो लगभग 120 मीटर लम्बी सड़क होगी।सड़क के दोनों तरफ नालियां भी बनेंगी, उन्होंने निर्माण कार्य के लिए महापौर सुनीता दयाल और पूर्व पार्षद एडवोकेट सरदार सिंह भाटी का आभार जताया।

इस मौके पर आरडी शर्मा, बबली चौहान, धर्मपाल चौधरी, उदयभान ठाकुर, विजय गौतम, सोमनाथ चौहान, दीपक ठाकुर,राज खान, आसिफ चौधरी , शकील, सिद्धिकी खान, सोनू चौधरी इत्यादि स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने गाजियाबाद आगमन पर हिमाचल प्रदेश के गवर्नर शिव प्रताप शुक्ला का स्वागत प्रतीक चिन्ह भेंट कर दिया। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला का स्वागत करने वाले बीजेपी नेताओं में महामंत्री गोपाल अग्रवाल,महामंत्री पप्पू पहलवान भी थे। इस अवसर पर अधिवक्ता सुधीर सहलोत बॉबी भी मुख्य रूप से मौजूद थे

# नेहरु वर्ल्ड स्कूल के ध्रुव गौड़ ने जेईई एडवांस में किया गाजियाबाद टॉप




**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** जेईई एडवांस परीक्षा में नेहरु वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने एक बार फिर आशातीत सफलता प्राप्त की। कुल 13 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। ध्रुव गौड ने 283 रैंक के साथ गाजियाबाद टॉप किया, जो विद्यालय व अभिभावकों के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है। इन छात्रों की सीखने के प्रति ललक और समर्पण, स्मार्ट लक्ष्य निर्धारण के साथ-साथ समयबद्ध अध्ययन व दृढ़ संकल्प के कारण स्कूल को इतने उत्कृष्ट परिणाम मिले। इस अवसर पर स्कूल की हैड़ टीचर सुसन होम्स नेस्कूल के निदेशक डॉ० अरुणाभ सिंह के अनुसार, जेईई एडवांस परीक्षा दुनिया की कठिन परीक्षाओं में से एक है। उन्होंने छात्रों व उनके अभिभावकों व अध्यापकों को शुभकामनाए दीं। इस अवसर पर स्कूल की हैड टीचर सुसन होम्स ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बीजेपी लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक तथा अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राजू पांचाल के साथ कार और सरकार का अनूठा सयोंग रहा। इधर सरकार बनी तो उधर राजू पांचाल ने फॉर्च्यूनर लीजेंडर कार खरीदी। उन्होंने इसे परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा बताया और परिवार के संग नई कार का आगमन हुआ। इस खुशी को राजू पांचाल ने फेसबुक पोस्ट बनाया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।